संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -46 रविवार ,17 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के दो बड़े घोटालों को उजागर करेगी राजस्थान बीजेपी सरकार

» पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के दो बड़े घोटालों की जांच कराएगी भजनलाल सरकार

» निशाने पर दो विश्वस्त आईएएस अधिकारी

» गहलोत के दो विश्वस्त आईएएस अधिकारी अरोड़ा और अग्रवाल भाजपा सरकार के निशाने पर

» भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टोलरेंस की नीति पर करेंगे कामः मुख्यमंत्री भजनलाल

**जयपुर,16 दिसम्बर 2023(ए)।** राजस्थान की नई भाजपा सरकार पिछली कांग्रेस सरकार में हुए घोटालों की जांच करवाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अशोक गहलोत सरकार में हुए दो बड़े घोटालों से जुड़ी फाइल तलब की है। ऐसे में गहलोत के विश्वस्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारी भाजपा सरकार के निशाने पर हैं। लगभग 1600 करोड़ के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DOIT) घोटाले और लगभग एक हजार करोड़ रूपये के ही जल जीवन मिशन घोटाले की जांच राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से करवाने के साथ ही सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का भी सहयोग लेने पर विचार किया जा रहा है। अगले कुछ दिनों में इस बारे में अधिकारिक निर्णय हो सकता है।

डीओआईटी घोटाले में वित्त एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा और जल जीवन मिशन घोटाले में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल भाजपा सरकार के निशाने पर हैं। जल जीवन मिशन में घोटाले की जांच ईडी अपने स्तर पर कर रही है।



तत्कालीन जलदाय मंत्री महेश जोशी और अग्रवाल के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी विधानसभा चुनाव से पहले हो चुकी है। अब राज्य सरकार अपनी तरफ से दोनों केंद्रीय एजेंसियों से जांच की सिफारिश करने की तैयारी कर रही है। विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान भाजपा ने दोनों घोटालों को कांग्रेस सरकार के खिलाफ बड़ा मुद्दा बनाया था। नई भाजपा सरकार का मानना है कि दोनों अधिकारियों की घोटालों में भूमिका रही है।

### गहलोत सरकार ने एसीबी को नहीं दी थी अनुमति

जयपुर के योजना भवन में डीओआईटी कार्यालय की एक अलमारी में 2.31 करोड़ रूपये नकद और एक किलो सोना मिलने के बाद अरोड़ा की भूमिका की जांच के लिए एसीबी ने तत्कालीन गहलोत सरकार से 6 अक्टूबर, 2023 को अनुमति मांगी थी, लेकिन अरोड़ा के फंसने की आशंका के कारण यह अनुमति नहीं दी थी, लेकिन तत्कालीन सरकार ने एसीबी से मिले पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इस मामले से जुड़ी फाइल को ही गायब कर दिया गया। अब नए मुख्यमंत्री ने यह फाइल तलब की है। इस मामले में एसीबी ने एफआईआर संख्या 125/2023 दर्ज की थी। इसी को आधार मानकर ईडी ने भी मामला अपने हाथ में लिया है।

### क्या उच्च स्तर तक जुड़े हैं घोटाले के तार ?

भाजपा के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा ने ईडी में शिकायत की थी। इस मामले में गिरफ्तार हुए डीओआईटी के संयुक्त निदेशक वेदप्रकाश यादव ने उच्च स्तर तक घोटाले के तार जुड़े होने की बात स्वीकार की थी। डीओआईटी की कंपनी राजकाम्प इंफो सर्विस लिमिटेड ने कई परियोजना हाथ में ली थी। इनमें फर्जीवाड़े की बात सामने आई है। सरकारी विभागों व अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों, वीडियो वॉल, इंडोर व आउटडोर स्क्रीन परियोजना की अनुमानित लागत 289 करोड़ रुपये आंकी गई थी, लेकिन बाद में इसके लिए 800 करोड़ रुपये की पांच अलग-अलग निविदाएं जारी की गई। साथ ही 790 करोड़ रुपये की ई मित्र प्लस, ई-मित्र एटीएम व भामाशाह डिजिटल भुगतान किट में भी घोटाला हुआ था।

### यह है जलजीवन मिशन घोटाला

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को बजट दिया, लेकिन राज्य सरकार में जलदाय विभाग के अधिकारियों ने रिश्वत लेकर श्याम ट्यूब वैल कंपनी और गणपति ट्यूब वैल कंपनी को बिना आवश्यक प्रमाण पत्र के ठेके दिए थे। दोनों कंपनियों ने पाइप लाइन डाले बिना ही बिला का भुगतान उठा लिया। पुरानी पाइप लाइन को नया बता दिया गया। इस योजना में डीआई डाक्टर पाइप लाइन डाली जानी थी। इसकी जगह एचपीपीई की पाइप लाइन डाली गई। जंग लगे हुए पाइप डाल दिए गए थे। इस मामले में जोशी, अग्रवाल के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी हुई थी। जोशी के निकटस्थों के ठिकानों पर भी छापे मारे गए थे।

वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करेंगे। एक भी भ्रष्टाचारी कानून के शिकंजे से नहीं बच सकेगा।



## फिर बड़ी साजिश की तैयारी में पाक!

» लॉन्चपैड पर 250-300 आतंकवादी मौजूद

» हाई अलर्ट पर सेना के जवान

**पुलवामा16 दिसम्बर 2023 (ए)।** बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि खुफिया सूचनाएं हैं कि 250-300 आतंकवादी लॉन्चपैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमने और सेना ने सभी संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर लिया है और सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। यादव ने आगे कहा कि हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं।पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों-कश्मीर के लोगों के बीच बढ़ा जुड़ाव उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों और कश्मीर के लोगों के बीच जुड़ाव बढ़ा है। ÷अगर लोग हमारा सहयोग करें तो हम विकासात्मक गतिविधियों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकते हैं।

## एक और आरोपी महेश कुमावत चढ़ा पुलिस के हत्थे

» अब तक 6 गिरफ्तार

» संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में छठा आरोपी उगलेगा राज

» कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**नई दिल्ली,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** संसद भवन सुरक्षा सेंध मामले में गिरफ्तार महेश कुमावत को पटियाला हाउस की सत्र अदालत ने सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। कुमावत को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष पेश किया।



दिल्ली पुलिस की ओर से पेश लोक अभियोजक ने बताया कि कुमावत मामले में शामिल अन्य आरोपितों के मोबाइल फोन को नष्ट करने में शामिल था। उन्होंने अदालत को बताया कि आरोपित देश में अराजकता फैलाने की साजिश में शामिल था। लोक अभियोजक ने पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए आरोपित से पूछताछ को लेकर 15 दिन की रिमांड देने का अनुरोध किया।

### सबूत नष्ट करने का आरोप

लोक अभियोजक ने बताया कि कुमावत को सबूत नष्ट करने और आपराधिक साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने अदालत को बताया कि महेश कुमावत मामले में सह-आरोपित ललित झा के साथ खुद ही पुलिस स्टेशन आया था। दोनों को स्पेशल सेल को सौंप दिया गया था। इस मामले में यह छठी गिरफ्तारी थी।




## अंतरराष्ट्रीय बनेगा सूरत हवाई अड्डा,केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सूरत हवाई अड्डा न केवल अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए प्रवेश द्वार बनेगा, बल्कि संपन्न हीरे और कपड़ा उद्योगों के लिए निर्बाध निर्यात-आयात संचालन की सुविधा भी प्रदान करेगा।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह रणनीतिक कदम अभूतपूर्व आर्थिक क्षमता को उजागर करने, सूरत को अंतर्राष्ट्रीय विमानन परिदृश्य में एक प्रमुख गंतव्य बनाने और क्षेत्र में समृद्धि के एक नए युग को बढ़ावा देने का वादा करता है।

आर्थिक विकास को बढ़ाने, विदेशी निवेश को आकर्षित करने और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है। बयान में कहा गया है कि यात्री यातायात और कार्गो संचालन में वृद्धि के साथ, हवाई अड्डे का अंतर्राष्ट्रीय पदनाम क्षेत्रीय विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## बीच समंदर इंडियन नेवी ने माल्टा के जहाज का कराया रेस्क्यू

» समुद्री लुटेरों ने कर लिया था हाईजैक

» नेवी ने युद्धपोत और समुद्री गश्ती विमान रू को अरब सागर में भेजा

**नई दिल्ली,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों से हाईजैक किए जहाज का किया सफल रेस्क्यू। भारतीय नौसेना को गुरूवार मिली खबर के बाद पूरी नौसेना अलर्ट मोड़ में आ गई। नौसेना ने अपनी बहादुरी से माल्टा के जहाज के ऊपर से फ्लाई किया और गतिविधियों पर नजर बनाई थी। अब ये जहाज सोमालिया की ओर बढ़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार माल्टा का जहाज समुद्री लुटेरों के द्वारा हाईजैक कर लिया था। इस घटना की जानकारी जब भारतीय नौसेना को मिली तो नेवी की ओर से एक युद्धपोत



और समुद्री गश्ती विमान रू को अरब सागर में भेजा गया ।माल्टा का ये जहाज कोरिया से तुर्की जा रहा था। इसी दौरान सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने उस पर अटैक कर दिया। बताया जा रहा है कि भारतीय नेवी की ओर से भेजे गए विमान ने 15 दिसंबर 2023 यानी शुक्रवार की सुबह हाईजैक हुए जहाज के ऊपर से उड़ान भरी। इसके साथ ही इंडियन नेवी का विमान इस जहाज की हर एक्टिविटी पर नजर बनाए हुए है। अब ये जहाज सोमालिया के तट की ओर बढ़ रहा है। इंडियन नेवी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। नौसेना की ओर से कहा गया है कि हमने अरब सागर में एक घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी है। ये माल्टा का एक जहाज था। इस पर 18 लोग मौजूद थे। समुद्री लुटेरों ने इस जहाज को हाईजैक कर लिया था।

## कश्मीर में कुख्यात ड्रग तस्करों की लाखों की संपत्ति कुर्क

**जम्मू,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले में कुख्यात ड्रग तस्करों की लाखों की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, उनकी टीम ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत इस जिले के ग्राम देगवार टेरवान के निवासी शकर दीन और मोहम्मद यासीन की कुर्क की गयी संपत्तियों में से 45.86 लाख रुपये से अधिक की कीमत का एक मंजिला आवासीय घर, करीब 33 लाख रुपये की एक जेसीबी एक्सकेवेटर और करीब नौ लाख रुपये का एक ट्रैक्टर शामिल है। उन्होंने कहा कि पुंछ पुलिस द्वारा की गई जांच और पूछताछ के दौरान आवासीय घर तथा वाहनों की पहचान अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के रूप में की गई थी। विशेष रूप से



पिछले महीने मेंढर के कोटियान गांव के कुख्यात ड्रग तस्करों महमूद हुसैन, जफर इकबाल और जाविद इकबाल का दो मंजिला आवास और मोटर वाहनों को एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुर्क किया गया है। प्रवक्ता ने कहा, यह ऑपरेशन नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने चल और अचल संपत्ति की कुर्की के संबंध में पुंछ पुलिस की पहल की सराहना की, जो ड्रग तस्करों द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी से जुटाई गई है।

## क्राइम सीन रीक्रिएट करेगी दिल्ली पुलिस

» लोकसभा अध्यक्ष से मांगी अनुमति

» बीजेपी सांसद के भी बयान होंगे दर्ज

» भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का बयान दर्ज करेगी दिल्ली पुलिस

» मनोरंजन के घर की तलाशी में उपन्यास और किताबें मिली

» ललित झा के माता-पिता ने बेटे को निर्दोष बताया है

**नई दिल्ली,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस ने



लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर क्राइम सीन रिक्रिएशन करने के लिए अनुमति मांगी है। दिल्ली पुलिस संसद के अंदर और बाहर क्राइम सीन का रिक्रिएशन करना चाहती है, ताकि इससे आरोपितों द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के बारे में सही जानकारी मिल सके। संसद सचिवालय से इसकी अनुमति मिलने के बाद दिल्ली पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट कर सकेगी।

उधर कर्नाटक के मैसूरु से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का भी दिल्ली पुलिस जल्द बयान दर्ज करेगी। दिल्ली पुलिस द्वारा उनसे संपर्क साधने पर उन्होंने अगले सप्ताह अपने आवास पर बयान देने की बात कही है। वह अगले सप्ताह दिल्ली स्थित अपने आवास पर लौटेंगे। इन्हीं के निजी सहायक द्वारा पास जारी करने पर दो आरोपित सागर शर्मा व मनोरंजन गौड़ संसद भवन के अंदर प्रवेश करने में कामयाब हुए थे।

### आरोपी मनोरंजन के पिता हैं प्रतिष्ठित व्यक्ति

मनोरंजन के पिता मैसूरु के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। उनके घर की तलाशी लेने पर दर्जनों उपन्यास और अन्य सामान बरामद किया गया है। नीलम आजाद कुछ साल पहले किसान आंदोलन में भाग लिया था। संसद भवन की सुरक्षा में सेंध मामले में दिल्ली पुलिस अब तक छह आरोपित सागर शर्मा, मनोरंजन गौड़, नीलम आजाद, अमोल शिंदे, ललित झा व महेश को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें किसी के खिलाफ भी पहले किसी आपराधिक मामले में शामिल नहीं पाया गया है।

## केन्द्र पर बरसे राहुल गांधी

» बेरोजगारी और महंगाई संसद में घुसपैठ का मुख्य कारण

» युवाओं को रोजगार नहीं मिलने के लिए प्रधानमंत्री नीतियों की आलोचना की

**नई दिल्ली,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** संसद में घुसपैठ के मामले में विपक्ष काफी आक्रामक हो गया है। संसद में दो दिनों से हंगामा जारी है। विपक्ष की मांग है कि 13 दिसंबर की घटना पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में जवाब दें। हालांकि, सरकार की ओर से सदन में कोई बयान नहीं दिया गया है। कांग्रेस ने कहा कि जब तक गृह मंत्री शाह सदन में आकर पूरी घटना पर बयान नहीं देंगे तब तक सदन की कार्यवाही नहीं चल पाएगी। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी ने संसद में घुसपैठ मामले पर सीधी टिप्पणी की। ऐसा क्यों हुआ? मुख्य मुद्दा बेरोजगारी है। बेरोजगारी का मुद्दा पूरे



देश में है। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां देश के युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही हैं। राहुल गांधी ने आलोचना की कि संसद में घुसपैठ की घटना के पीछे बेरोजगारी और महंगाई है।

### गृह मंत्री को सदन में आकर बयान देना चाहिए

यह एक गंभीर मामला है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री को सदन में आकर बयान देना चाहिए, यह मांग संसद में बार-बार की जा रही है। हालांकि, गृहमंत्री आकर बयान नहीं देना चाहते हैं। वे सदन की कार्यवाही जारी रखने के लिए तैयार नहीं हैं।

## रतन टाटा को जान से मारने की धमकी,आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस को अज्ञात शख्स ने फोन पर कहा कि रतन टाटा की सुरक्षा बढ़ा देनी चाहिए वरना उनका हाल भी साइरस मिस्त्री की तरह होगा। बता दें कि उद्योगपति मिस्त्री की 4 सितंबर 2022 को एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पुलिस ने ट्रैक की लोकेशन

धमकी भरा कॉल करने वाले से पुलिस ने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कॉल करने वाले का फोन बंद था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी मदद और टेलीकॉम कंपनी की मदद से कॉल करने वाले का पता लगाया तो पता चला कि उसकी लोकेशन कर्नाटक थी। इसके बाद जब धमकी देने वाले का पता खोजा गया तो पता चला कि कॉल करने वाला पुणे का रहने वाला है।पुलिस ने तुरंत पुणे स्थित घर पर छापा मारा। उस वक्त एक और चौंकाने वाली बात सामने आई।



सामने आया कि धमकी भरा कॉल करने वाला शख्स पिछले 5 दिनों से गायब है। साथ ही यह बात भी सामने आई कि उस व्यक्ति की पत्नी ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

### सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था आरोपी

जांच के दौरान पता चला कि फोन करने वाला व्यक्ति सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था और वह घर से बिना किसी को बताए फोन ले गया था और उसी फोन से उसने मुंबई पुलिस कंट्रोल नंबर पर फोन किया और रतन टाटा को जान से मारने की धमकी दी। एक अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा कॉल करने वाला शख्स मानसिक रूप से बीमार है, इसलिए उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। उसने फाइनेंस में एमबीए किया है और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है।

## भैंस का मांस खाने के लिए मजबूर करने को रोकने की मांग

**यादगीर,16 दिसम्बर 2023 (ए)।** राज्य दलित संघर्ष समिति (क्रांतिकारी इकाई) ने यहां जिला और पुलिस अधिकारियों के पास एक शिकायत दर्ज कराई है, इसमें उनसे देवताओं को बलि किए गए भैंसों का मांस खाने के लिए दलितों को मजबूर करने की परंपरा को रोकने का आग्रह किया गया है। राज्य महासचिव मल्लिकार्जुन क्रांति ने शनिवार को यादगीर जिले के जिला आयुक्त और पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि सुरपुरा तालुक के




देवीकेरा गांव में धार्मिक मेले में देवताओं को कई भैंसों की बलि दी जाएगी। दलितों को बलि दी गई भैंसों का मांस खाने या गांव से बहिष्कार का सामना करने के लिए मजबूर किया जाता है। देवीकेरा धार्मिक मेला 18 दिसंबर से दो दिनों के लिए निर्धारित है, जहां देवी दयमम्मा और पालकम्मा को भैंसों की बलि दी जाएगी। मल्लिकार्जुन क्रांति ने बताया कि अगर दलित 10 से अधिक बलि दी गई भैंसों का मांस खाने से इनकार करते हैं, तो उन्हें गांव में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा। देवीराकेरा सहित आसपास के गांवों में भैंस की बलि व्यापक रूप से प्रचलित है और क्रांति ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने और इस अंधविश्वास को खत्म करने का आग्रह किया है।

C M Y K

## संपादकीय

### सुरक्षा क्यों भंग हुई ?

कुछ नौजवानों ने संसद की सुरक्षा को भंग करने की योजना बनाई। वे इसमें सफल भी हो गए। यह देश की कानून-व्यवस्था मशीनरी पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है कि इतनी आसानी से सबसे बड़े स्थलों और सबसे बड़े मौकों पर सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लग जाती है।

संसद की सुरक्षा-व्यवस्था संसद पर 22 साल पहले हुए भीषण हमले की बरसी के दिन भंग हुई। यह बात आसानी से गले नहीं उतरती कि सुरक्षा में ऐसी लापरवाही कैसे हो सकती है। खासकर यह देखते हुए कि खालिस्तानी उग्रवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी दे रखी थी कि 13 दिसंबर या उससे पहले फिर संसद को निशाना बनाया जाएगा। अब तक जितनी जानकारियां सामने हैं, उनसे ऐसा कोई संकेत नहीं मिलता कि जिन लोगों ने संसद में घुसपैठ की, उनका पन्नू या किसी अन्य राजनीतिक संगठन से संबंध है। पुलिस के हवाले से मीडिया में आई सूचनाओं के मुताबिक संसद की सुरक्षा-व्यवस्था भंग करने में शामिल सभी छह लोग देश के अलग-अलग हिस्सों के हैं। उनमें समान पहलू सिर्फ यह है कि वे पढ़े-लिखे हैं जिन्हें अपनी योग्यता के अनुरूप काम नहीं मिला, वे बेरोजगारी से परेशान रहे, और सभी शहीद भगत सिंह के प्रशंसक हैं। वे सभी सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए और देश के मौजूदा हालात से अपने असंतोष को जताने के लिए उन्होंने संसद की सुरक्षा को भंग करने की योजना बनाई। वे इसमें सफल भी हो गए।

यह देश की कानून-व्यवस्था मशीनरी पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है कि इतनी आसानी से सबसे बड़े स्थलों और सबसे बड़े मौकों पर सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लग जाती है। अभी एक महीना नहीं गुजरा, जब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच के दौरान एक ऑस्ट्रेलियाई नौजवान फिलस्तीन की आजादी के समर्थन में संदेश देने के लिए तमाम सुरक्षा-व्यवस्था को धता बताते हुए मैदान में घुस गया। ऐसा उस रोज हुआ, जिस दिन खुद प्रधानमंत्री मोदी वहां पहुंचने वाले थे। बहरहाल, संसद पर हुई घटना के साथ एक दूसरा पहलू भी जुड़ा है। इसका संबंध सामाजिक और आर्थिक सुरक्षाओं से है। ये घटना विकसित भारत के तमाम शोर के बीच जमीनी स्तर पर रोजमर्रा की बढ़ती मुश्किलों की ओर ध्यान खींचती है। ये मुश्किलें अब कई लोगों- खासकर नौजवानों में असंतोष पैदा कर रही हैं। यह साफ है कि इस हकीकत का सही नजरिए से सामना किए बगैर बाकी सुरक्षाओं को सुनिश्चित करना कठिन हो जाएगा।

# भाजपा के फैसलों पर जाति गणना का असर

नरेंद्र मोदी की कमान वाली भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की राजनीति का एक बुनियादी फर्क यह है कि भाजपा जमीनी वास्तविकताओं को समझते हुए सोशल इंजीनियरिंग करती है, जबकि कांग्रेस इस मामले में आदर्शवादी बातें ज्यादा करती है, जैसे इन दिनों राहुल गांधी करते फिर रहे हैं। भाजपा को एक बार भी सामाजिक न्याय, आरक्षण या जाति गणना आदि पर बड़ी बड़ी बातें करते नहीं सुना गया, लेकिन जब मौका मिला तो उसने आदिवासी, पिछड़ा, ब्राह्मण, दलित, ठाकुर सबका समीकरण बनाया। यह काम उसने बिना कहे और बिना ढिंढोरा पीटे किया है। अलग अलग सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाजपा ने कैसे चेहरे चुने यह अलग चर्चा का विषय है लेकिन तीन मुख्यमंत्री, छह उप मुख्यमंत्री और तीन स्पीकर के जरिए भाजपा ने व्यापक रूप से अलग अलग सामाजिक समूहों को मैसेज दिया है।

सोचें, जाति गणना कराई है कि राजद, जदयू और कांग्रेस गठबंधन की बिहार सरकार ने लेकिन उस पर सबसे पहले अमल किया है भाजपा ने। तीनों राज्यों में तमाम नियुक्तियों पर जाति गणना का असर दिख रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां जुबानी जमाखर्च ज्यादा कर रही हैं। बिहार में राजद, जनता दल यू और कांग्रेस की सरकार ने जाति गणना कराई और आबादी के अनुपात मे आरक्षण बढ़ाने का ऐलान भी किया लेकिन सत्ता नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के परिवार के हाथ में ही रहेगी। सवाल है कि जब जाति गणना के आंकड़े से पता चलता है कि सबसे बड़ा आबादी समूह अत्यंत पिछड़ी जातियों का है, जिसकी कुल आबादी में हिस्सेदारी 36 फीसदी है तो उसका व्यक्ति मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनना चाहिए? पिछले 33 साल से यादव और कुर्मी के पास मुख्यमंत्री की कुर्सी है, जिसकी आबादी में साझा हिस्सेदारी 17 फीसदी है।

दूसरी ओर भाजपा ने जाति गणना का एक तरह से विरोध किया है और प्रधानमंत्री मोदी बार बार कह रहे हैं उनके लिए सिर्फ चार जातियां हैं- गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं। जाति गणना नहीं कराने या परोक्ष रूप से उसका विरोध करने के बावजूद भाजपा जाति गणना के आंकड़ों को गंभीरता से ले रही है, जिसका असर उसकी राजनीति पर दिख रहा है। भाजपा ने अपनी राजनीति में पिछड़ों, दलितों,आदिवासियों,महिलाओं, युवाओं की हिस्सेदारी बढ़ानी शुरू कर दी है। वह तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव जीती तो छत्तीसगढ़ में पहला निर्विवादित आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया। आदिवासी बहुल राज्य का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बनाया गया। उनके साथ एक ब्राह्मण और एक पिछड़ी जाति के नेता को उप मुख्यमंत्री बनाया गया। मध्य प्रदेश में भाजपा ने पिछड़ी जाति से आने वाले शिवराज सिंह चौहान को बदला तो मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया। उनके साथ भी एक ब्राहमण और एक दलित समुदाय के नेता को उप मुख्यमंत्री बनाया गया। ऐसे ही राजस्थान में भाजपा ने अपना पहला ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाया तो साथ में एक राजपूत और दलित समाज के नेता को उप मुख्यमंत्री बनाया।




चुनाव में भाजपा ने इस तरह का कोई वादा नहीं किया था या सामाजिक न्याय का मुद्दा लेकर लड़ने नहीं उतरी थी। दूसरी ओर कांग्रेस के राहुल गांधी और दूसरे नेता जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे थे। इसका नतीजा यह हुआ कि अगड़ी जातियों में यह मैसेज बना कि कांग्रेस उनकी विरोधी है। दूसरी ओर पिछड़ी जातियों में भी कांग्रेस को लेकर भरोसा नहीं बना कि वह सचमुच उनकी हितैषी है। सो, पार्टी दोनों तरफ से गई। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की बड़ी हार इसकी मिसाल है। भाजपा भी पिछड़ी जातियों की राजनीति कर रही है लेकिन यह मैसेज नहीं बनने दे रही है कि वह अगड़ी जातियों की विरोधी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ 35 फीसदी मंत्री पिछड़ी जाति का बनाने का दावा करते हैं तो गरीब सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का कानून भी बनाते हैं। अब भी तीन राज्यों में ब्राह्मण समाज से एक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री बनाए हैं। देश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा राजेंद्र शुक्ला, विजय शर्मा, देवेंद्र फड़नवीस और ब्रजेश पाठक के रूप में चार उप मुख्यमंत्री ब्राह्मण हैं। दो राजपूत मुख्यमंत्रियों- योगी आदित्यनाथ और पुष्कर सिंह धामी के अलावा एक उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी भी हैं। इस तरह भाजपा ने संतुलन बनाने की कला दिखाई है। लेकिन बुनियादी रूप से वह कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों से पहले से पिछड़े, दलित, आदिवासी की राजनीति कर रही है। झारखंड में भाजपा ने आदिवासी समाज के बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष और दलित समुदाय के अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाया है। राज्य के दो नेता केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य हैं, जिनमें अर्जुन मुंडा आदिवासी हैं और अन्नपूर्ण देवी पिछड़े वर्ग से आती हैं। बिहार में पिछड़ी जाति के सम्राट चौधरी प्रदेश अध्यक्ष हैं तो अत्यंत पिछड़ी जाति के हरि साहनी विधान परिषद में नेता हैं। बिहार में जरूर भाजपा ने विधानसभा में अगड़ी जाति का नेता प्रतिपक्ष रखा है लेकिन उसका दूसरा कारण है। विजय सिन्हा पहले स्पीकर थे और तब नीतीश कुमार से उनका झगड़ा हुआ था। नीतीश ने सदन के अंदर आसन पर बैठे विजय सिन्हा का अपमान किया था इसलिए अगड़ी जातियों में नीतीश के खिलाफ मैसेज बनवाने के लिए उनको नेता विपक्ष बनाया गया। इसका मतलब है कि जिन राज्यों में जाति और समुदाय का मुद्दा राजनीति को प्रभावित करता है वहां भाजपा जरूर उसके संतुलन का ध्यान रखती है। इसके उलट अगर कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को देखें तो बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में जदयू को छोड़ दें तो बाकी दो पार्टियों का नेतृत्व एक परिवार के हाथ में है और कांग्रेस के तीनों अध्यक्ष अगड़ी जाति के हैं।

भाजपा पहले भी सोशल इंजीनियरिंग का बहुत ख्याल रखती थी। उसने मंदिर आंदोलन के समय गोविंदाचार्य की पहल पर उत्तर प्रदेश में सोशल इंजीनियरिंग की थी। तब यूपी में कल्याण सिंह, विनय कटियार, ओमप्रकाश सिंह जैसे पिछड़ नेता होते थे। इसी राजनीति के तहत मध्य प्रदेश में उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान का प्रयोग हुआ, जिसकी अगली कड़ी मोहन यादव हैं। बिहार में भाजपा यह प्रयोग इसलिए नहीं कर सकी क्योंकि वह नीतीश कुमार की पिछलग्गू थी और नीतीश नहीं चाहते थे कि भाजपा में अगड़ा या अति पछड़ी जातियों का कोई नेता उभरे। इसलिए उन्होंने सुशील मोदी और नंदकिशोर यादव को ही नेता बनाए रखा। तभी बिहार में उसका प्रयोग थोड़ी देर से शुरू हुआ लेकिन बाकी जगह उसने जातियों का बहुत अच्छे तरीके से संतुलन बनाया है। हिंदुत्व के व्यापक संदेश और राष्ट्रवाद के बहुत स्ट्रॉन्ग डोज के साथ साथ भाजपा ने सत्ता में जातियों की भागीदारी का संतुलन भी बना रखा है।

असल में भाजपा को पता है कि संचार साधनों की प्रचूरता के मौजूदा दौर में सिर्फ बातों से काम नहीं चलेगा। जिन लोगों का वोट लेना है उनको सत्ता में हिस्सेदारी देनी होगी और उन्हें भरोसा दिलाना होगा कि उनके राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक हित सुरक्षित हैं। दूसरी ओर लगभग सभी प्रादेशिक पार्टियों के लिए सामाजिक समीकरण का मतलब कुछ चुनिंदा परिवारों के हितों की रक्षा करना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समस्या यह है कि वे हमेशा एक लाइन पकड़ कर चलते हैं। राजनीति में संतुलन और जिस मध्यमार्ग को साधने की जरुरत होती है उसका प्रशिक्षण उनका नहीं है। दूसरे, वे जो बड़ी बड़ी आदर्शवादी बातें करते हैं उसके हिसाब से उनकी पार्टी का आचरण नहीं होता है। जाति के मामले में भी विरोधाभास सबको दिखाई देता है।

**-अजीत द्विवेदी-**

## लघुकथा — भूल



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

भीलकुमार एकलव्य अपने पिता हिरण्यधनु की आज्ञा पाकर धनुर्विद्या की चाहत लिये घर से निकल पड़ा। वनमार्ग की ओर चलते हुए एकलव्य में धनुर्विद्या की हसरत तरुणाई पर थी। मन में तरह-तरह के विचार थे। उसे विदित था कि धनुष चलाने की



शिक्षा गुरुकृपा के बगैर सम्भव नहीं है। फिर उसे एकाएक ख्यातिलब्ध आचार्य द्रोण का स्मरण हुआ, सो उसने द्रोण का ही शिष्य बनकर उनसे ही धनुर्विद्या सीखने की ठान ली। भारद्वाजपुत्र द्रोणाचार्य के समक्ष एकलव्य का अनुरोध भरा स्वर उभरा- हे आचार्य ! कृपया मुझे अपना शिष्य स्वीकार कर अपने चरणों में स्थान देवें। मुझ पर अपनी कृपाकर मेरे जीवन को सफल बनावें। तत्पश्चात गुरुश्रेष्ठ आचार्य द्रोण से एकलव्य को त्वरित प्रत्युत्तर मिला-हे बालक ! मैं तुम्हें धनुर्विद्या प्रदान नहीं कर सकता। मैं केवल क्षत्रिय कुमारों को विद्या प्रदान करने हेतु नियुक्त हुआ हूँ, और मेरी इच्छा भी राजपुत्रों को ही शिक्षा-दीक्षा देने की है। अतएव, वत्स ! तुम किसी और से विद्या प्राप्त करो। बालक एकलव्य ने आचार्य द्रोण के निषेधात्मक जवाब को माथे पर लिया, और उन्हें ही गुरू मानकर पूरी लगन व निष्ठा से नित अभ्यास के बलबूते धनुर्विद्या सीखी। समय आने पर गुरू द्रोणाचार्य ने अपनी मिथ्याशान की रक्षा खातिर एकलव्य से गुरुदक्षिणा के रूप में उसके दाहिने हाथ का अँगूठा ले लिया। आज आचार्य द्रोण को अपनी इस भूल पर बड़ा पश्चाताप है। बड़े चिंतित हैं वे। उन्हें लग रहा है, काश ! मैं एकलव्य से उसके दाहिने हाथ का अँगूठा नहीं लिया होता। द्रोण के माथे की शिकन बता रही है कि कदाचित् एकलव्य के धनुर्विद्या कौशल से ही आज वन्य संस्कृति संरक्षित रह पाती। अवश्य पशु-पक्षी का संवर्धन हो पाता। कानन सभ्यता अवश्य चरम सीमा पर होती। साथ ही, मनुजता भी बदनाम न हो पाती। सच आज आचार्य द्रोण कुरुभूमि में अपने शिष्य कौरव-पांडव के रथों के मध्य खड़े बहुत दुखी हैं।

# महिला शिक्षा और जागरूकता से जुड़ा मानवाधिकारों का प्रश्न

मानवाधिकारों को सुनिश्चित करने की बढ़ती हुई आवश्यकता सीधा-सीधा शिक्षा तथा जागृति से जुड़ी हुई है। इसके



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़, ,

बिना न तो व्यक्तित्व का विकास संभव है और ना ही जीवन यापन की किसी भी पहलू की अंतर्निहित प्रक्रिया ही पूरी होती दिखाई दे रही है। मानवाधिकार के अभाव में जनतंत्र और लोकतंत्र की कल्पना ही निरर्थक है। महिला शिक्षा तथा जागरूकता के अभाव में देश में सर्वाधिक मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं की शिकार महिलाएं तथा बच्चे ही हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठन ऑफ ह्यूमन राइट्स वॉच की लगभग 175 देशों में मानवाधिकार की स्थिति का जायजा लेने वाली रिपोर्ट में भारत के संदर्भ में कहा गया है कि यहां महिलाओं तथा बच्चों आदिवासियों के मानव अधिकार से जुड़ी समस्याएं बहुत ज्यादा विकट विकृत और विकराल है। मानवाधिकार के बारे में जानकारी सीधे-सीधे किसी भी देश की शिक्षा, संस्कृति से जुड़ा हुआ सवाल है। देश के बहुत बड़े भूभाग में जहां आदिवासी और उनकी महिलाएं तथा बच्चे निवास करते हैं, वहां शिक्षा के अभाव में मानवाधिकार की कल्पना भी करना एक दुष्कर कार्य है। मानवाधिकार का संदर्भ सीधा सीधा किसी भी देश के शैक्षिक स्तर से जुड़ा हुआ है। भारत देश में मानवाधिकार संरक्षण इसलिए भी काफी पिछड़ा है क्योंकि सभी जिलों में मानव अधिकार आयोग एवं मानवाधिकार संबंधी जागरूकता का ना होना है,और नागरिकों का शिक्षा के प्रति लगाओ ना होना ही है। मानवाधिकार मूलभूत अधिकार हैं। मानवाधिकार के अंतर्गत जीवन जीने का अधिकार शिक्षा का अधिकार, जीविकोपार्जन का अधिकार ,वैचारिक स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, निजता का अधिकार, जैसे मूलभूत अधिकार



शामिल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व के अधिकांश देशों में अधिकार संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदान किए गए हैं।भारत में भी संविधान के भाग 3 के अनुच्छेद 14 से लेकर 35 तक नागरिकों को विभिन्न प्रकार के अधिकार दिए गए हैं। पूरे विश्व में मानवाधिकार को सुरक्षित सुरक्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एमनेस्टी इंटरनेशनल एक संस्था है जिसका मुख्यालय ब्रिटेन के लंदन शहर में स्थित है।

वैसे तो मानवाधिकार की अवधारणा के इतिहास बहुत पुराना है। पर नवीन संदर्भो में इसकी अवधारणा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विकसित हुई है। वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को स्वीकृत किया था। मानव अधिकार का उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों में जैसे मनुस्मृति, हितोपदेश, पंचतंत्र, प्राचीन यूनानी दर्शन आदि में भी मिलता है। 1215 में इंग्लैंड में जारी किए गए मैग्नाकार्टा में नागरिक अधिकारों का विस्तृत उल्लेख तथा वर्णन है, पर उन अधिकारों को मानवाधिकार की संज्ञा नहीं दी जा सकती है। बहुत महत्वपूर्ण 1789 में फ्रांस की क्रांति के बाद वहां की राष्ट्रीय सभा ने नागरिकों के अधिकारों की घोषणा की थी। फल स्वरूप विश्व में समानता उदारता बंधुत्व के विचारों को बल मिलना शुरू हुआ, 19वीं शताब्दी में ब्रिटेन एवं अमेरिका में दास प्रथा की समाप्ति के लिए कानून बने। बीसवीं शताब्दी के आते-आते मानव अधिकारों को लेकर कई विश्वयापी सामाजिक परिवर्तन हुए जिसके अंतर्गत बालश्रम का विरोध एवं विभिन्न देशों में महिलाओं को चुनाव में मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ। 1864 में जेनेवा समझौता से अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सिद्धांतों को ताकत प्राप्त हुई। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव अधिकार को मान्यता प्राप्त हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मानव अधिकार संरक्षण संस्था बनी जो पूरे विश्व में अलग-अलग देशों में होते मानव अधिकार उल्लंघन पर नियंत्रण रखती है। पर ऐसा कुछ नहीं है। जो शक्तिशाली व्यक्ति है, राष्ट्र है, वह अपनी मनमानी करता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ और मानव अधिकार आयोग मूकदर्शक बना रहता है । इसका सबसे ताजा उदाहरण अफगानिस्तान पर तालिबानी आतंकवादियों का कब्जा है, अमेरिका,अफगानिस्तान छोड़कर चला गया। और अफगानिस्तान पर बर्बर युग की वापसी के साथ तालिबानी आतंक को अफगानिस्तान की जनता बुरी तरह झेल रही है। एवं महिलाएं तथा बच्चे हर स्तर पर अपमानित प्रताड़ित हो रहे हैं। ना तो संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ कर पा रहा है, और ना ही मानव अधिकार आयोग।अफगानिस्तान की आवाम ने पूरी दुनिया से गुहार लगाकर अपनी जान बचाने की अपील की थी,पर वे अभी भी तालिबानियों का आतंक रहने पर मजबूर हैं। 213 में पाकिस्तान के कारागृह में मौत की सजा काट रहे भारतीय कैदी सरबजीत सिंह पर वही के कैदियों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने पर उनकी मृत्यु हो गई मानव अधिकार आयोग चुप था। म्यानमार में भी मानवाधिकारों के उल्लंघन की खुली घटनाएं देखी गई, मानव अधिकार आयोग शांत है। पर ऐसा भी नहीं है कि हम मानव अधिकार नियमों तथा आयोग के प्रति एकदम निराश हो जाएं। मानवाधिकार की धाराएं अच्छी एवं सशक्त हैं। मानवाधिकार के संदर्भ में जो संविधान बने हैं, उसमें किसी को भी गुलाम या दासता की हालत में ना कि नहीं रखा जा सकता, किसी को न तो शारीरिक प्रताड़ना नहीं दी जा सकती है। ना ही किसी के प्रति अमानुषिक एक अपमानजनक व्यवहार किया जा सकता है। ऐसा किया जाता है और संविधान की धारों में प्रावधान होता है जो कड़ी से कड़ी सजा दे सकता है। मानवीय मूल्यों और संविधान के संदर्भ में हमें आशावादी दृष्टिकोण अपनाकर ज्यादा से ज्यादा कानून पर विश्वास रख, इन घटनाओं को रोकना चाहिए। भारत में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन 1993 में किया गया था। मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं पर जांच एवं सजा का प्रावधान भी रखा गया है। वस्तुतः शिक्षा के साथ मानव अधिकार संविधान के बारे में भी आम जन को हमें ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने की आवश्यकता होगी।

## अजीब सी जिंदगी

कि कितनी अजीब सी
जिंदगी हैं हमारी,
साथ होकर भी दूर हैं,
दूर होकर भी पास हैं
पास होकर भी मजबूर हैं,
मजबूर होकर भी मजबूत हैं,
मजबूत होकर भी प्यार हैं,
प्यार होकर भी अविवाहित हैं,
अविवाहित होकर भी साथ हैं
जिंदगी कितनी अजीब हैं।।



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

## चल संगी गुरु घासीदास जयंती मनाबो

बाबा के संदेश ल
जन-जन तक पहुंचाबो,
चल संगी गुरु
घासीदास जयंती मनाबो।
18 दिसंबर के
बाबा के जयंती ह आते,
अउ सब के मन ल भाते।
बाबा के सुरता ल कर बो,
चल संगी गुरु
घासीदास जयंती मनाबो।
बाबा महान रिहिस
एकर गुण ल गाबो,
सब्बो सतनाम भाई मन ल,
बधाई और शुभकामना देबो,
चल संगी गुरु
घासीदास जयंती मनाबो।
मनखे-मनखे एक समान
कहिके सुग्घर संदेश ल दिस,
ईही संदेश ल
हमन सब जगह बगराबो,
चल संगी गुरु
घासीदास जयंती मनाबो।
नशा के सेवन झन करव
चोरी अउ जुआ ले दूर रहव,
ये संदेश ल दिस,
ईही संदेश ल हमन
घर घर तक पहुचाबो,
चल संगी गुरु
घासीदास जयंती मनाबो
बाबा के ये संदेश ल
जीवन म उतारबो,
चल संगी गुरु
घासीदास जयंती मनाबो।



**श्याम सुन्दर साहू**
राजिम,जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

# संसद में छोड़े गये 'पीले रंग' में छिपे 'काले उद्देश्य' का पता लगाना बेहद जरूरी है

**आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बेचैन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा**

शीतकालीन सत्र के 10 वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था क्योंकि 22 बरस पहले आतंकवादियों द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न ले। नहीं, तो पीले रंग में छिपी ये संदेशवाहक घटना कभी भी पूर्ण घटना में तब्दील हो सकती है। इतना सतर्क हो जाना चाहिए कि दुश्मन घात लगाए बैठा है इसलिए अभी से इस तस्वीर को गंभीरता से लेने की आवश्कता है। आरोपियों की बुनी साजिश की जड़ तक घुसना होगा? उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। पर, अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। चाकचौबंद सुरक्षा-व्यवस्था से कहां चूक हुई, इसकी भी समीक्षा किए जाने की जरूरत है।

संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है। लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ पता चलता है कि साजिश की तासीर कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसका पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। एक थ्योरी ये समझ में नहीं आती कि आखिर शीतकालीन सत्र को चले कई दिन हो चुके हैं। पर, हरकत संसद हमले की बरसी के दिन ही क्यों होती है? अचंभित कर देने वाली बात एक ये भी है कि आरोपियों ने भगत सिंह के स्टाइल को क्यों कॉपी किया? पीला धुंआ फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा और आरोपी ने जो तानाशाही से आजादी के नारे लगाए हैं उसके निहितार्थ भी सार्वजनिक होने चाहिए। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बेचैन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित



और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद की एक-एक ईंट और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। खुदा न खास्ता इंसानी सुरक्षा तंत्र से अगर कोई चूक भी हो जाए, तो पूरी बिल्डिंग तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस है। कोई संदिग्ध क्या, परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पर, अब इन मौखिक और कागजी सुरक्षा व्यवस्था पर संसद सदस्यों को एतबार नहीं रहा। क्योंकि उन सभी को धता बताते हुए आरोपी विजिटर बनकर आसानी से भीतर घुस गए और अपने मंसूबों को अंजाम दे दिया।

गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरह होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे। क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को बेवकूफ बनाकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। बकायदा विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचते हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसियों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। 'तानाशाही से आजादी' जैसे नारे लगाते हैं। ये पूरा वाकया तकरीबन चालीस से पैंतालीस मिनट तला। सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से पहले दो सांसद हनुमान बेनीवाल और मलूक नागर हिम्मत दिखाकर उन्हें दबोचते हैं और उन्हें सुरक्षा कर्मियों के हवाले करते हैं।

आरोपी मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जैसा कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी दावा कर रहे हैं, तो उसे पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सब कुछ नॉर्मल था। 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा-सा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी भी हरकत कर सकता है। संसद सदस्य आश्वस्त थे कि नई संसद सुरक्षा मानकों के चलते अभेद्य है। बावजूद आरोपी चार नंबर गेट से विजिटर बनकर प्रवेश कर जाता है। क्या आरोपी 'स्मोक बम' के जरिए कोई संदेश फैलाना चाहता था, ये फिर उसे मात्र पब्लिसिटी चाहिए थी। हालांकि ऐसे सभी सवालों की लंबी लिस्ट बनाकर स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ में लगी हैं। लेकिन विपक्षी दल किसी बड़ी घटना होने की आशंका जता रहे हैं।

**-डॉ. रमेश ठाकुर-**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# ओड़िशा के छड़ कारोबारी से करोड़ों की ठगी करने वाले पिता-पुत्र ने किया सरेंडर

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

ओडिशा के छड़ कंपनी के संचालक के साथ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले अंबिकापुर के व्यवसायी पिता-पुत्र ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने पर कोतवाली पुलिस ने पिता-पुत्र को रिमांड पर पूछताछ के लिए लिया था। पूछताछ की प्रक्रिया पूर्ण होने पर पुलिस ने दोनों को जेल दाखिल कर दिया है। व्यवसायी पिता-पुत्र ने अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ मिलकर ओडिशा के छड़ कंपनी के संचालक को ऑक्शन में कोयला खरीदी बिक्री का काम पार्टनरशिप में करने का झांसा देकर करीब 46 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा किया था।





अंबिकापुर के मायापुर निवासी केके अग्रवाल व राहुल गोयल पिता-पुत्र हैं। ये दोनों जय हनुमान कोल डिपो तथा मारूति मिनरल्स के नाम से ओडिशा की फैक्ट्रियों में कोयला सप्लाई का काम करते हैं। कारोबार के दौरान इनकी पहचान ओडिशा राउरकेला निवासी पंकज अग्रवाल से हुई थी। पंकज अग्रवाल गणेश रोलिंग मिल्स प्रालि ओडिशा का डायरेक्टर है और छड़ निर्माण कराकर ब्रोकर के माध्यम से कारोबार करता है। तीन वर्ष पूर्व राहुल व केके अग्रवाल ने पंकज अग्रवाल को झांसा दिया कि सिंगरौली एमपी में ऑक्शन में कोयला खरीदी बिक्री का काम पार्टनरशिप में करते हैं। इसमें पूंजी लगाने पर अच्छा मुनाफा देंगे। पिता-पुत्र के झांसे में आकर पंकज ने बड़ी रकम इन्वेस्ट की थी। इसके बाद केके अग्रवाल व राहुल गोयल ने अपने रिश्तेदारों व दोस्तों के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा कर दिया। 46 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पंकज अग्रवाल ने कोतवाली में पिता-पुत्र सहित 6 आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई थी। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं मुख्य आरोपी पिता-पुत्र फरार चल रहे थे। पुलिस की सक्रियता को देखते हुए मुख्य आरोपी केके अग्रवाल व राहुल गोयल ने दो दिन पूर्व कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लिया था। पूछताछ की प्रक्रिया पूर्ण होने पर दोनों को जेल दाखिल कर दिया गया है।

# कलेक्टर की वाहन से स्कूटी सवार पिता-पुत्री घायल





» प्रतापपुर नाका के पास की घटना, कलेक्टर ने घायलों को पहुंचवाया अस्पताल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शहर के प्रतापपुर नाका के पास शनिवार की सुबह कलेक्टर की वाहन से स्कूटी सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। घटना के बाद कलेक्टर ने स्वयं तत्पर्ता दिखाते हुए घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे।

शनिवार सुबह कलेक्टर कुंदन कुमार अपने आवास से कलेक्टोरेट जा रहे थे। वाहन चालक चला रहा था। प्रतापपुर नाका से गुजरने के दौरान प्रतापपुर की ओर से आ रहे दोपहिया वाहन में सवार महिला रानू तिर्की 27 वर्ष और पुरुष मोतीलाल उम्र 50 वर्ष वाहन की तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर कलेक्टर वाहन से टकरा गए। दुर्घटना में पिता-पुत्री दोनों घायल हो गए। दोनों की तुरंत सहायता करते हुए कलेक्टर स्वयं उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां भर्ती कराया गया।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर्या ने बताया कि दोनों मरीज की हालत सामान्य है। मेडिकल जांच में रानू को बाएं घुटने में दर्द है और मोतीलाल को बाएं पैर में फेक्चर पाया गया है। किसी को भी अंदरूनी चोट नहीं है। दोनों मरीजों का सीटी स्कैन किया जा रहा है जिसके बाद पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। मेडिकल टीम मुस्तैदी से काम कर रही है। प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता सुनिश्चित की गई है।

**कलेक्टर ने की हेलमेट पहनने की अपील**

कलेक्टर कुन्दन ने दोपहिया वाहन चालकों से गाड़ी चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाएं दिन या समय देखकर नहीं आती, जरूरी है कि पहले से ही सावधानी बरती जाए। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनने की अपील की है जिससे दुर्घटना के दौरान गंभीर हानि से बचा जा सके।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

दरिमा रोड स्थित चंपा नाला के पास 15 दिसंबर की शाम को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राहुल मिश्रा पिता स्व. पुरषोत्तम मिश्रा उम्र 25 वर्ष नमनाकला खटिकपारा का रहने वाला था। वह 15 दिसंबर को अपने दोस्त के साथ बाइक से दरिमा की ओर गया था। वापस आने के दौरान शाम 6 बजे दरिमा रोड स्थित चंपानाला के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में राहुल मिश्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पानी से भरे गड्ढे में गिरने से बालक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम केपी में शुक्रवार को पानी से भरे गढ्ढे में गिरने से 3 वर्ष के मासूम बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आर्यन गिरी पिता संजय गिरी उम्र 3 वर्ष ग्राम केपी अजिरमा बाबापारा का रहने वाला था। वह घर के पास खेल रहा था। काफी देर बाद जब वह वापस घर नहीं आया तो मां उसे खोलने निकली। घर के समीप बोरिंग के पास पानी से भरे गड्ढे में बच्चा गिरा पड़ा था। उसे निकाल कर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## विधायक राजेश अग्रवाल ने धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण, समिति प्रबंधकों को दिया सख्त निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा आज दूसरे दिन भी अपने विधानसभा क्षेत्र के चार धान उपार्जन केंद्रों का किया गया निरीक्षण समिति प्रबंधकों को दिए सख्त निर्देश।

कहा कि किसानों को धान बिक्री में किसी प्रकार का कोई परेशानी ना हो और कोच्चिया और बिचौलियों से रहे सावधान अन्यथा कार्यवाही के लिए रहे तैयार हमारे अन्नदाता को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए सरकार कटिबंध रहेगा।

अंबिकापुर विधानसभा के निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल के द्वारा आज दूसरे दिन भी ताबड़तोड़ दौरा दौरा करते हुए सबसे पहले जमगाला धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया और किसानों से भेंट मुलाकात कर समिति प्रबंधक नासिर खान से को शख्स निर्देश दिया गया कि हमारे अंतदाता किसानों को किसी प्रकार का कोई दिक्कत या परेशानी ना हो और बिचौलियों से रहें सावधान अन्यथा कार्यवाही के लिए भी रहे तैयार



वही ग्राम जमगाला धान खरीदी केंद्र मैं अब तक 14143 क्विंटल धान खरीदी की गई है वहीं अब तक धान का उठाओ 10820 क्यूंटल हो गाय है और अब तक किसानों से अब तक ऋण की वसूली एक करोड़ 45 लाख लगभग की गई है। वही दिन गुरुवार को मेरा लहपटरा समिति केंद्र में निरीक्षण किया गया था जहां वरदान प्रभारी संजय प्रजापति के द्वारा किसानो की शिकायत यह था की 100-100रुपए लेने का बात सामने आया था जिस पर विधायक राजेश अग्रवाल ने उच्च अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया जिस पर आज दिन शुक्रवार को तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे समिति से तत्काल हटाया गया।

इन चारों समितियां में निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू महामंत्री सतनारायण साहू मदन राजवाड़े दिनेश बारी, अमित बारी लालजीत पैकरा अवधेश राजवाड़े भोले राजवाड़े महमूद खान तबरेज आलम विजय यादव सहदूल खान सहित काफी संख्या में कृषक एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित है।

## निर्माणाधीन मकान के सेफ्टिक टैंक में गिरने से 12 वर्षीय बालक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

नमनाकला स्थित रिंग रोड में शनिवार को खेलने के दौरान एक बालक निर्माणाधीन मकान के सेफ्टिक टैंक में गिर गया। जब काफी देर बाद भी जब वह खेलकर घर वापस नहीं लौटा तो उसके नाना खोलने निकले तो निर्माणधीन मकान के पास बालक का साइकिल स चप्पल दिखाई दिया। सेफ्टिक टैंक के पास जाकर देखे तो वह अंदर गिरा हुआ था। नाना ने स्वयं सेफ्टिक टैंक में कूदकर उसे निकाला और इलाज के लिए मिशन अस्पताल ले गए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार अभ्यांस विश्वकर्मा पिता राजेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 12 वर्ष अपने नाना के घर अंबिकापुर स्थित नमनाकला थाना गांधीनगर में रहता था। वह शनिवार की दोपहर साइकिल से खेलने जा रहा हूं कहकर निकला था। तीन बजे तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो उसके नाना खोलने निकले। घर के पास ही निर्माणधीन मकान के पास पहुंचे तो अभ्यांस की साइकिल खड़ी थी। अंदर जाकर देखे तो सेफ्टिक टैंक के पास चप्पल पड़ी हुई थी और पानी से भरे सेफ्टिक टैंक में अभ्यांस गिरा हुआ था। उसके नाना ने तत्काल सेफ्टिक टैंक में कूदकर उसे बाहर निकाला और उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल ले गए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## संयुक्त शिक्षक संघ नव निर्वाचित विधायक का किया स्वागत



» विधायक के हाथों प्रदान की गई एक लाख रुपये की संवेदना राशि

- संवाददाता -
सूरजपुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिला सूरजपुर के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में विधानसभा प्रेमनगर के नवनिर्वाचित विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल से मुलाकात कर विधायक निर्वाचित होने पर संघ की ओर से बधाई दी।जिलाध्यक्ष ने जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्यायों से अवगत कराया।विधायक महोदय ने सभी समस्याओं को अपने स्तर से जल्द ही निराकरण करने संघ को आश्वस्त किया। उक्ताशय की जानकारी देते हुवे संघ जिला प्रवक्ता राधे साहू ने बताया कि

जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने विधायक महोदय को जिले में संचालित संयुक्त संवेदना योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान कर कस्तूरबा विद्यालय प्रेमनगर में पदस्थ संवेदना सदस्य शिक्षिका श्रीमती सुभद्रा बिरको जी के दिवंगत होने पर उनके परिजनों को संवेदना समिति द्वारा एक लाख रूपये की संवेदना राशि की जानकारी दी और विधायक महोदय के हांथो दिवंगत शिक्षिका के पति देव कुमार बिरको जी को एक लाख रुपये का चेक प्रदान कराया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष विपिन पांडेय, राकेश शुक्ला, भुवनेश्वर सिंह, मनोज कुशवाहा, राधेश्याम साहू,कृष्णा सोनी, कमलेश यादव, सतीश साहू, संतोष साहू,कमलेश सरुता, ज्योति चौहान, संदीप प्रभाकर, संतलाल साहू,रामल्लू साहू, प्रदीप सिंह,कुमार सिंह मार्तण्ड,कृष्णा ध्रुव, सुनील निकुंज, रंजीत कुमार रात्रे सहित सैकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे।

# समय पर शिक्षक के नहीं पहुंचने से प्राथमिक शाला में लटका ताला

» शिक्षा की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में नाराजगी

- संवाददाता -
सूरजपुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के दूरस्थ व वनांचल क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर में शिक्षा की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में नाराजगी है। यहां न तो समय पर स्कूल खुलता है और नही शिक्षक पहुंचते है जिससे बच्चों का अध्ययन अध्यापन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के प्राथमिक शाला महुली में आये दिन शिक्षिका के समय पर नहीं पहुंचने से रोज ताला लटकता रहता है और बच्चे शिक्षक के इंतजार में स्कूल के बाहर खेलते नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव होने के कारण शिक्षिका हमेशा नदारद रहती हैं, जिसके कारण उनके बच्चों का भविष्य खतरें में है। वही छत्तीसगढ़ में शनिवार को स्कूल खुलने का समय बभी स्कूलो में सुबह 7 बजे खुलता है। समय पर कभी भी शिक्षक नहीं पहुंचते हैं, जिसके कारण कई बच्चे तो वापस अपने घर चलें जाते हैं और परिजनों को स्कूल की छुट्टी होने का हवाला देते हैं। इस संबंध में




मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्कूल का उन्नयन पीएमश्री स्कूल के रूप में किया गया है, ताकि दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिया जा सके। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में हैं। इस आशय को लेकर पूर्व में भी ग्राम कोल्हुआ उपसरपंच श्याम बाबू जायसवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता भी इन लापरवाह शिक्षिका के हौसलें बुलंद कर रहा है। मामले में ग्रामीणों ने जिले के उच्चाधिकारियों से इस ओर कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता सुधर सके और उनके बच्चों का अध्ययन-अध्यापन प्रभावित न हो।

## आग तापने के दौरान युवती झुलसी, मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

धौरपुर निवासी एक युवती आग तापने के दौरान जगल गई थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कविता पिता पिता मानसाय उम्र 22 वर्ष धौरपुर की रहने वाली थी। वह 14 दिसंबर की सुबह घर में ठंड से बचने के लिए आग ताप रही थी। इस दौरान अचानक वह आग में गिर गई और गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई।

# विधायक ने उदयपुर स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मरीजों से की मुलाकात बीएमओ को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

- संवाददाता -
लखनपुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर विधानसभा के विधायक राजेश अग्रवाल लगातार चौथे दिन 16 दिसम्बर दीन शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के उदयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे बीएमओ सहित कर्मचारियों को शख्त निर्देश देते हुऐ कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत न हों कर्मचारी अधिकारी मरीजों के साथ मधुर व्यवहार करें।शव वाहन की उपस्थिति नहीं रहने की स्थिति पर तत्काल किराए की वाहन कर शव को परिजनों के सहयोग से घर तक भेजने में सहयोग करें वाहन में जो भी खर्च लगेगी उसे विधायक ने खुद देने की बात कही।

अंबिकापुर विधानसभा के विधायक आज लगातार चौथे दिन भी एक्सन मोड पर दिखे और इसी क्रम में क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र के उदयपुर विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजो से भेंट मुलाकात की गई और व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर प्रसव कक्ष के बाथरूम की स्थिति ठीक नहीं होने पर सख्ती से निर्देषित बीएमओ को करते हुए उक्त बाथरूम को जल्द से जल्द सुधार किया जाए उसी क्रम में अस्पताल एडमिट मरीजों से और उनके परिजनों से भी भेट मुलाकात कर व्यवस्था के बारे में जायजा लिया गया और बीएमओ को सुधार करने की कहा।



विधायक अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर के बारे में जानकारी लेते हुए कहा गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मरीजों के परिजनों के साथ अस्पताल के सभी कर्मचारी मधुर संबंध स्थापित करें जिससे स्वास्थ्य की सेवा बेहतर हो सके तथा अन्य विषयों पर भी गंभीरता चरचा करते हुऐ निर्देशित किया गया की मरीजों की भोजन गुणवत्ता तथा मीनू के विपरीत दिखा जिसे जल्द से जल्द भोजन गुणवत्ता में सुधार किया जाए और भोजन मेन्यू के आधार पर वितरण किया जाए जिससे मरीजों को भोजन अच्छी गुणवत्ता युक्त मिल सके।

और वहीं अंत में बीएमओ बी एन जैंत को निर्देशित करते हुए बताया गया कि शव वाहन अन्यत्र दूसरी जगह व्यस्त होने की स्थिति में अलग से किराए की वाहन कर उसके परिजनों के घर में शव को घर तक पहुंचने पर की व्यवस्था बनाई जाए जिसका शुल्क स्वयं विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा प्रदान किया जाएगा किसी प्रकार की स्वास्थ्य को लेकर सुविधा न हो इस चीज का विशेष ख्याल रखा जाए क्षेत्र ग्रामीण अंचल के दुर्घटनाग्रस्त घायलों का तत्काल प्राथमिक उपचार किया जाए और समय पर कर्मचारी एवं डॉक्टर उपस्थित रहे जिससे मरीजों को हर संभव मदद मिल सके।

निरीक्षण में मुख्य रूप से उदयपुर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह,दिनेश साहू,विनोद हर्ष,राधेश्याम ठाकुर,चंद्रबसू यादव,कल्पना भदोरिया,दिनेश बारी,राकेश अग्रवाल,रवि अग्रवाल,आशीष, सचिन,अमित बारी महमूद खान, तरबेज आलम, उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत जारी किया गया स्वच्छता ड्राइव

» गांधी नगर पौनी पसारी बाजार,गुरुनानक चौक में विशेष सफाई से सुधरी व्यवस्था

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिले में आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा की शुरुआत के मौके पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रदेश में विशेष स्वच्छता ड्राइव चलाई जा रही है। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले में भी विशेष सफाई अभियान जारी है। इस अभियान से अंबिकापुर नगरीय व्यवस्था सुव्यवस्थित होती नजर आ रही है। प्रशासनिक टीम स्वयं स्थलों का मुआयना कर सफाई करवा रही है। नाले-नालों, सडकों, बाजारों, तालाबों सहित वार्डों में सफाई कार्य





जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को गांधी नगर में पौनी पसारी बाजार का नगर निगम के अधिकारियों ने निरीक्षण किया, तत्पश्चात सफाई कार्य शुरू करवाया गया। अब बाजार की स्थिति में सुधार देखते ही बन रही है, वहीं गुरुनानक चौक में कूड़ा-कचरा इत्यादि का उठव करवाया गया। इसी के साथ नगर के अन्य स्थानों पर भी नाले-नालियों की सफाई करवाई गई। अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक भी किया जा रहा है।

# शेख मेशाल कुवैत के नए अमीर नामित, शेख नवाफ का 86 की उम्र में निधन

कुवैत सिटी,16 दिसम्बर 2023 । क्राउन प्रिंस शेख मेशाल अल-अहमद अल-सबा को शनिवार को कुवैत का नया अमीर (शासक) घोषित किया गया। वह दिवंगत शेख नवाफ अल-अहमद अल-सबा के उत्तराधिकारी होंगे। शाही अदालत के मुताबिक, शेख नवाफ का आज 86 की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत की वजहों का खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन उन्हें पिछले महीने स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नवाफ को तीन साल पहले ही अमीर बनाया गया था।




### शेख नवाफ का काम संभाल रहे थे शेख मेशाल

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, उत्तराधिकारी की घोषणा उप प्रधान मंत्री और कैबिनेट मामलों के राज्य मंत्री इस्सा अल-कंदारी ने एक बयान में की है। क्राउन प्रिंस शेख मेशाल (83 वर्षीय) 2021 से कुवैत के वास्तविक शासक हैं। शेख नवाफ ने बीमार होने के कारण उनके अधिकांश कर्तव्यों का जिम्मा उन्हें सौंपा गया था।

### संसद में शपथ लेने के बाद सत्ता संभालेंगे क्राउन प्रिंस

कुवैत के संविधान के मुताबिक,क्राउन प्रिंस खुद-ब-खुद (ऑटोमैटिकली) ही अमीर बन जाते हैं। वह संसद में शपथ लेने के बाद सत्ता संभाल सकते हैं। नए अमीर के पास उत्तराधिकारी का नाम रखने के लिए एक साल तक का समय होता है। नए अमीर की पसंद पर बारीकी से नजर रखी जा रही थी, क्योंकि कुवैत के सत्तारूढ़ परिवार की युवा पीढ़ी इस पद को हासिल करने का प्रयास कर रही है।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने जताई संवेदना

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा कि वह शेख नवाफ के निधन के बारे में सुनकर दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह ब्रिटेन के एक महान दोस्त थे और उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। ऋषि सुनक ने कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-सबा के निधन पर कुवैती नागरिकों और अल सबा परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई।

## क्या फिर लौट रही कोरोना महामारी? सिंगापुर में 56 हजार मामले सामने आए,लोगों से मास्क पहनने की अपील

सिंगापुर,16 दिसम्बर 2023। कोरोना महामारी एक बार फिर डरा रही है। दरअसल सिंगापुर में कोरोना के मामले बढ़कर 56 हजार के पार चले गए हैं। बता दें कि यह आंकड़े बीते हफ्ते के हैं। उससे पिछले हफ्ते यह आंकड़ा 32 हजार था। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते हफ्ते में देश में कोरोना के मामलों में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 19 दिसंबर से रोजाना कोरोना अपडेट जारी करने का फैसला किया है।



### लोगों को मास्क पहनने की सलाह

सिंगापुर की सरकार ने लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनने की सलाह दी है। अगर लोग बीमार नहीं हैं तब भी उन्हें मास्क पहनने को कहा जा रहा है। खासकर बुजुर्ग लोगों के साथ रहने वाले लोगों को घर के अंदर भी मास्क पहनने को कहा गया है। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि जल्द ही सिंगापुर एक्सपो हॉल नंबर 10 में कोविड मरीजों के लिए बिस्तर लगा दिए जाएंगे। क्राफोर्ड अस्पताल में पहले से ही कोविड मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

### कोरोना के इस वैरिएंट से संक्रमित हो रहे मरीज

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंगापुर में कोरोना संक्रमण के चलते अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या रोजाना औसतन 225-350 है। वहीं संक्रमण के चलते आईसीयू में भर्ती होने वाले मरीजों का रोजाना का औसत 4-9 है। बताया जा रहा है कि अधिकतर संक्रमित मरीज कोरोना के वैरिएंट जेएन.1 से संक्रमित हैं, जो कि बीए.2.86 से संबंधित है। अभी तक की जांच में यह पता चला है कि यह वैरिएंट बहुत ज्यादा ट्रांसमिसिबल (एक मरीज से दूसरे में स्थानांतरित) नहीं है।

### भारत में भी बढ़े कोरोना के मामले

भारत में भी कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि अभी चिंता जैसी कोई बात नहीं है। शुक्रवार को देश में कोरोना के 312 नए मामले सामने आए, इनमें से 280 सिर्फ केरल के हैं। साथ ही जो मरीज संक्रमित मिले हैं, उनमें लक्षण भी बहुत ज्यादा गंभीर नहीं हैं। सरकारी आंकड़े के अनुसार, बीते 24 घंटे में देशभर में 17605 कोरोना टेस्ट किए गए थे।

## हूती समूह ने लाइबेरिया के जहाजों पर दागी मिसाइलें

### इस्राइल की तरफ जाने वाले जहाजों पर निशाना



वॉशिंगटन,16 दिसम्बर 2023। इस्राइल-हमाज के युद्ध के बीच यमन के हूती समूह ने लाल सागर कॉरिडोर में लाइबेरिया के जहाजों पर मिसाइल दागी। यूएस सेंट्रल कमांड ने इसकी जानकारी दी। शुक्रवार को बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य के पास लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों ने एक कार्गो जहाज पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। इस हमले के कुछ घंटे पहले भी एक जहाज पर हमला किया गया था।

लाइबेरिया के जहाजों पर हमला हूती समूह ने इससे पहले 15 दिसंबर को एक चेतावनी जारी की थी। उन्होंने मोटर वेसेल एमएससी एएलएएनवाईए लाइबेरिया के जहाज से संपर्क किया था और उसपर हमला करने की धमकी दी थी। यह जहाज लाल सागर के दक्षिणी भाग के उत्तर की और जा रही थी। इसके बाद हूती विद्रोहियों ने मानव रहित हवाई वाहन लॉन्च किया और इससे लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज अल जेएएसआरएएच को टक्कर मार दी, जिसके कारण जहाज में आग लग गई।

यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट जारी करते हुए बताया, सना समय के अनुसार 15 दिसंबर को करीब 0900 बजे हूती द्वारा यूएवी लॉन्च किया गया, जिसने लाइबेरिया के झंडे वाले मोटर जहाज अल जेएएसआरएएच को टक्कर मार दी, जिससे आग लग गई। चालक दल इस आग से लड़ रहे थे।

पोस्ट में आगे लिखा, आग बुझा दी गई और चालक दल की तरफ से सब ठीक होने की पुष्टि की गई थी। फिर लगभग 15 दिसंबर को ही सना समय के अनुसार यमन के हूती समूह ने लाल सागर में लाइबेरिया के जहाजों पर हमला किया, 1300 बजे हूती समूह ने बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य में दो और बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च की। इनमें से एक मिसाइल ने लाइबेरिया के एमवी पीएएलएटीआईयूएम 3 पर हमला किया, जिसके बाद इसमें आग लग गई।



### वजीरिस्तान में मोर्टार शेल विस्फोट में सात महिलाएं गंभीर रूप से घायल, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली,16 दिसम्बर 2023 । पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में मोर्टार शेल विस्फोट में सात महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई है। यह घटना दक्षिणी वजीरिस्तान के हबीब कोट अडाना की है। यह घटना तब घटी महिलाएं भीषण ठंड के मौसम में घरेलू काम के लिए पास के पहाड़ी में लकड़ी इकट्ठा कर रही थी।

एक अज्ञात जगह से मोर्टार शेल विस्फोट हुआ, जिसमें सात महिलाएं घायल हो गई। घायलों को अस्पताल में शिफ्त किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# तिब्बती लामा द्वारा बांटे गए स्वेटर मिलने से 2100 बच्चों के खिल गए चेहरे

- संवाददाता -
मैनपाट,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विगत 6 वर्षो की भांति इस वर्ष भी मैनपाट तिबत्ती धर्म गुरु सोनम जमसो द्वारा लगभग 2100 स्कूली बच्चों को स्वेटर व मिष्ठान बांटा। सोनम जमसो मैनपाट की ठंडी को देखते हुए प्रति वर्ष पहुँच विहीन क्षेत्रो व पिछड़े छात्रों को स्वेटर बांटते है। इसी कड़ी में मैनपाट विकासखण्ड के कई स्कुलो में पहुँच कर बच्चों से बातचीत किया व उन्हें उपहार दिया। साथ शिक्षक,रसोइया,भृत्य को डायरी पेन प्रदान किया ।



वितरण का कार्यक्रम संकुल केंद्र कमलेश्वरपुर से प्रारम्भ कर क्रमशः केसरा संकुल, सरभंजा संकुल, परपटीया संकुल, पैग संकुल,सुपलगा संकुल होते कुनिया संकुल में समाप्त किया गया । हर जगह वितरण करने गई टीमो का स्कूली बच्चों एवं शिक्षको द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। वितरण कार्यक्रम के उदघाटन में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी उपस्थित रहे, वितरण कार्यक्रम में सोनम जमसो लामा के टीम में प्रमुख रूप से कुँचुंग सिरिग्ग, डुंदुप चैपेल,चिमी मैडम के साथ उनकी पूरी टीम सक्रिय रही,कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकुल समन्वयक देवेन्द्र पाण्डेय,काजेश कुमार घोष अजय श्रीवास्तव, महेश यादव ,कल्पदेव यादव ,कृष्णकुमार यादव,अजय सिंह की अहम भूमिका रही कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक काजेश कुमार घोष के द्वारा किया गया।

# कामांध ने मंदबुद्धि बालिका की डस ली जिंदगी ....

## दुष्कर्म से बनी मां,नन्ही जान को भी मिला अपमानजनक जीवन...अदालत ने दोषी को दिया 20 वर्ष सश्रम कारावास का दंड ....

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा जिला अंतर्गत अंबिकापुर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में करीब तीन वर्ष पूर्व हुए एक मंदबुद्धि 15 वर्षीया किशोरी से अनाचार के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट विशेष न्यायालय श्रीमती पूजा जायसवाल की अदालत ने संपूर्ण साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी अर्जुन चेरवा को पॉस्को एक्ट के आरोपित धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित की है।



न्यायलयीन सूत्रों के मुताबिक पीड़िता के पिता द्वारा 25 अप्रैल 2020 को थाना गांधीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसकी 15 वर्षीया पुत्री है जो मंदबुद्धि है, के साथ आरोपी ने अनाचार किया था। इसका पता उन्हे तब चला जब पत्नी ने बेटी के बढ़े पेट को लेकर पुछताछ की। पुत्री ने अपनी मां को बताई कि 5- 6 माह पहले मेण्ड्राखुर्द का रहने वाला अभियुक्त उसके गांव आया था और उसे मक्का बाड़ी में घुमने के बहाने ले जाकर जबरन बलात्कार किया था। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी भी दिया था । इसके बाद आरोपी ने गिफ्ट देने के बहाने कई बार अनाचार किया था, जिससे वह गर्भवती हो गई। जिससे उसने पुत्री को जन्म दी।

### न सिर्फ पीड़िता,नन्हा जीव भी अपमानजनक जीवन जीने होगा मजबूर

विद्वान न्यायाधीश श्रीमती पूजा जायसवाल ने इस मामले में मार्मिक और ज्वलंत टिप्पटी करते हुए कहा कि प्रकरण के अनुसार रिपोर्ट दिनांक को 16 वर्ष से कम आयु की अभियोक्त्री गर्भवती थी तथा न्यायालयीन साक्ष्य के दौरान अभियोक्त्री से एक संतान उत्पन्न हो चुका था। सामान्यतः देखा जावे तो प्रकृति ने स्त्री को कितना खुबसुरत वरदान दिया है जन्म देने का, लेकिन बलात्कार पीड़िताओ के लिए यही वरदान अभिश्राप बनकर उसकी सारी जिंदगी को डस लेता है। ना सिर्फ वह स्त्री लांछित की जाती है, बल्कि बलात् इस दुनिया में लाया गया वह नन्हा जीव भी अपमानजनक जीवन जीने के लिए विवश हो जाता है। इंसानियत के नाम पर एक स्त्री को कैसी परीक्षा देनी होती है कि इंसान के नाम पर एक पशु बना व्याभिचारी, कुछ सजा के बाद समाज में सहज रूप से स्वीकृत हो जाता है और स्त्री बिना किसी गुनाह के सारी उम्र गुनाहगार बना दी जाती है।

### मासूम को पिता का नाम दिलाने 50 साल के व्यक्ति के साथ रहने विवश

इस प्रकरण में पीड़िता को अपने बच्चे को, एक पिता का नाम दिलाने के लिए स्वयं से कही अधिक उम्र 50-55 वर्ष के व्यक्ति के साथ उसकी पत्नी बनकर निवास करना पड़ रहा है।

### इन धाराओं के तहत मिली सजा

दोषी अर्जुन चेरवा को धारा-376(3) भा0दं0सं0, धारा-05 (ठ)/06 पॉक्सो एक्ट और धारा-05/06 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 - 20 वर्ष सश्रम व साधारण कारावास, एक - एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित की है। अर्थ दंड की राशि अदा नहीं करने पर अतिरिक्त एक माह कारावास का प्रावधान है। मामले की शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश कुमार सिन्हा ने की।

### पीड़िता को 5 लाख रूपये देने की अनुशंसा

इस प्रकरण में फैसला देते हुए विद्वान न्यायाधीश ने कहा कि पीड़िता को समुचित प्रतिसमुचित प्रतिकर दिलाया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अभियोक्त्री घटना के समय 16 वर्ष से कम आयु की अबोध बालिका थी। उक्त परिस्थितियों में शारीरिक, मानसिक पीड़ा एवं वर्तमान में अभियोक्त्री के एक संतान उत्पन्न होने को दृष्टिगत रखते हुए समुचित प्रतिकर हेतु यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों से पीडित महिलाओं एवं उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना 2018 जो कि 02 अक्टूबर 2018 को प्रभाव में आया है, के तहत अभियोक्त्री को कुल पांच लाख समुचित प्रतिकर दिलाया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। फलस्वरूप सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबिकापुर जिला सरगुजा को अनुशंसा किया जाता है कि अभियोक्त्री को निर्धारित प्रतिकर राशि 5,00,000 लाख को क्षतिपूर्ति योजना 2018 के नियम 11 के तहत आवश्यक कार्यवाही कर प्रदान करे।



## देश की सेवा करते हुए अपना जीवन कुर्बान करने वाले जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा शनिवार को विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में संभाग भर के पूर्व सैनिक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुड्रा विधायक प्रबोध मिंज, विशिष्ट अतिथि सीतापुर विधायक पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों द्वारा क्षेत्र के वीर शहीदों को श्राद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान प्रबोध मिंज ने कहा कि देश की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है, आज हम उन वीर शहीद को श्रद्धा से याद करते हैं जिन्होंने देश की सेवा करते हुए अपना जीवन कुर्बान किया है। साथ ही उन जवानों को भी सम्मान करते हैं जिन्होंने देश की सेवा किया है और आज यहां उपस्थित हैं। रामकुमार टोप्पो ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे जीवन का सपना था की मैं सेना में शामिल हो कर देश की सेवा करू, और 18 साल की उम्र में मैं सेना में शामिल हुआ, और देश की सेवा की और लोगों के अनुरोध पर सेना की सेवा छोड़ राजनीति में आया और लोगो की सेवा का बीड़ा उठाया। आज हम देश के उन वीर शहीद को विजय दिवस समारोह के अवसर पर सह समान याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सेना के जवान जिन्होंने देश की सेवा की है उन्हें अतिथियों द्वारा श्रीफल पुष्प एवं शाल देकर सम्मान किया गया।

## साइकिल से गिरे घायल बालक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

चिरमिरी में शुक्रवार को एक बालक स्कूल से आने के बाद साइकिल चला रहा था। इस दौरान वह गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

आदित्य कुमार पिता तपन कुमार उम्र 9 वर्ष सोनामति नेहरू कॉलोनी चिरमिरी का रहने वाला था। वह 15 दिसंबर की शाम को स्कूल से घर आया और साइकिल से घूमने चला गया। 20 नंबर कॉलोनी में आदित्य साइकिल से गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए चिरमिरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बैठकुंठपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से भी चिकित्सकों द्वारा रेफर किए जाने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

# प्रतापपुर के नव नियुक्त विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते का हुआ भव्य स्वागत

## वाड्रफनगर में निकली स्वागत रैली,कार्यकर्ताओं एवं जनता का किया आभार व्यक्त

### कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़,

संवाददाता -
वाड्रफनगर,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के वाड्रफनगर नगर ब्लॉक में नवनियुक्त लाडली विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते आज अपने ग्रह ग्राम जनकपुर से निकली जहां से कार्यकर्ताओं ने बड़े जोर सोर के साथ बैण्डबाजे के साथ भव्य रैली निकालते हुए वाड्रफनगर पहुंची वहां पहुंच सबसे पहले काली मां का दर्शन कर आशीर्वाद लिया इसके बाद वाड्रफनगर में जेसीबी में बैठकर पूरे नगर मे रैली के साथ कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और नगर रैली में बच्चों ने रोड किनारे फूल लेकर नवनियुक्त विधायक का जमकर स्वागत किया और विधायक महोदया ने उनसे एक-एक बच्चों से मिलकर उनका मान बढ़ाया बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया । विधायक महोदय ने बच्चों का हाल-चाल पूछा जिससे बच्चे काफी खुश थे मां महामाया मंदिर में जाकर शकुंतला सिंह ने मां महामाया का आशीर्वाद लिया साथ में विधायक ने कहा की जो भी आज हम जीते हैं यह कार्यकर्ताओं का दिल से अभर व्यक्त करते हैं बहुत मेहनत के साथ मुझे आप सब ने आशीर्वाद देकर विधायक बनाया है और हम आपके लिए मेरा हर क्षण आपके लिए आप कार्यकर्ताओं के लिए मेरा समय व्यतीत होगा और आप सबके सेवा करते रहुगी। कार्यकर्ताओं में हजारों की संख्या में रैली निकाल कर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दी।




# सत्ता में रहते हुए भी मारपीट और सत्ता जाने के बाद भी मारपीट,आखिर ऐसी स्थिति क्यों?

चुनाव के समय का गुस्सा क्या चुनाव के बाद निकाला जाएगा,क्या यह है उचित

क्या पूर्व विधायक को यह शोभा देता है की बीच सड़क पर किसी को रुकवा के थप्पड़ मारें?...पूर्व विधायक पर लगा है बड़ा आरोप

क्या पूर्व विधायक के लिए आगे का राजनीति सफर ऐसे में सही होगा?

**आरोप भले पीड़ित ने लगाया है पर इसमें पूर्व विधायक का कहना है कि मैंने ना तो थप्पड़ मारा है और ना ही कॉलर पकड़ा है...**

विधायक के ऊपर लगे आरोप की गूंज पहुंची राजधानी तक, हो रही फजीहत

चुनाव संपन्न होने के बाद जहां कमियों को दूर कर आगे बढ़ने की सोच होनी थी वहां पर इस प्रकार के आरोप



-रवि सिंह-
कोरिया,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। विधानसभा चुनाव संपन्न हो गया किसी को हार मिली तो किसी को जीत,हारने वाले ने हार स्वीकार कर आगे का मौका अपने लिए देख रहा है वहीं समीक्षा पर समीक्षा हो रही है, कहां पर गलती हुई इस पर पुनर्विचार किया जा रहा है पर अभी तक किसी भी विधानसभा से चुनाव संपन्न होने के बाद हारे हुए विधायकों के प्रति कोई भी गलत आरोप सामने नहीं आए, किसी भी हारे हुए प्रत्याशी के ऊपर गंभीर आरोप मारपीट या गाली गलौज करने का अभी तक समाने नहीं आया न ही वह सुर्खियों में हैं, लेकिन अचानक परिणाम के 13 दिन बाद कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा की पूर्व विधायक पर एक बहुत बड़ा आरोप लगा है और उस आरोप की गूंज रायपुर तक सुनाई देने लगी है, तमाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व अखबारों में यह खबर छप गई, यह आरोप भी छोटा-मोटा आरोप नहीं है पूर्व विधायक पर मारपीट का आरोप लगा है, अब ऐसे में यह बात सामने आ रही है कि क्या हारने के बाद पूर्व विधायक अपना आपा खो बैठी हैं? यदि ऐसे ही इनका व्यवहार रहा तो क्या इनका आगे का राजनीतिक सफर सही होगा या फिर इनका राजनीतिक सफर पर बट्टा लग जाएगा? राजनीति सफर जारी रहे क्योंकि मौका तो सामने फिर मिलना है, पर यदि राजनीतिक सफर में ऐसे कृत्यों से बट्टा लग गया तो फिर राजनीतिक कैरियर भी समाप्त हो सकता है। खैर मामला जो भी है पर बैकुंठपुर की पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव पर नवयुवक का कालर पकड़ने व मारपीट का आरोप लगा है जो आरोप काफी बड़ा है और इसकी शिकायत भी थाने तक पहुंची है पर इसमें प्राथमिकी दर्ज होगी या नहीं होगी यह तो पुलिस कर्मियों के विवेक पर है पर फजीहत पूरी तरीके से हो रही है और हर तरफ इस बात की चुटकी ली जा रही है। वैसे जिस नवयुवक का कालर पकड़ने की बात पूर्व विधायक द्वारा समाने आ रही है वह कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है और पूर्व विधायक भी कांग्रेस पार्टी की ही नेता हैं ऐसे में यदि कोई शिकायत कार्यकर्ता से थी भी तो उससे पार्टी के किसी बैठक में निपटाना था, उससे बातचीत करना था सरेराह उसे रोककर उससे हुज्जत नहीं करना था ऐसा भी लोगों का कहना है क्योंकि एक जनप्रतिनिधि रहकर यदि संगठन के नियमो के विपरीत कोई व्यक्ति व्यवहार करे उसे उचित नहीं कहा जा सकता। मामले में ब्राह्मण समाज भी समाने आ चुका है नवयुवक के समर्थन में क्योंकि नवयुवक ब्रह्मण समाज से है और अब हो सकता है की समाज मामले में कार्यवाही की मांग करे जो सुनाई भी दे रहा है।

### क्या शिकायत पर एफआईआर होगा?

पूर्व विधायक पर कांग्रेस कार्यकर्ता ने मारपीट का आरोप लगाया है। कार्यकर्ता ने विधायक के दो समर्थकों पर भी आरोप लगाया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए उसने पुलिस को शिकायत पत्र भी सौंपा है। अब देखना है की क्या विधायक और उनके दो समर्थकों पर प्राथमिकी पुलिस दर्ज करती है। क्या उनके विरुद्ध शिकायत पर कार्यवाही करती है। पुलिस के लिए भी मामला गले की हड्डी बन गया है क्योंकि ब्राह्मण समाज भी पूर्व विधायक पर कार्यवाही ही मांग कर रहा है।

### विधायक ने कहा सरासर गलत आरोप है

पूरे मामले में बैकुंठपुर की पूर्व विधायक का भी पक्ष जानना चाहा गया। पूर्व विधायक ने मामले में केवल यही कहा है की उनके ऊपर लगाए गए आरोप सरासर गलत हैं समझाइस देना मारपीट नहीं होता।

### सत्ता रहते हुए भी हो चुकी है कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट

कांग्रेस की सत्ता प्रदेश में पांच साल रही है,बिता पांच साल कांग्रेस सत्ता का कार्यकाल था, इस चुनाव में भाजपा ने फिर बाजी मार लिया है और सत्ता पर काबिज हो गई है। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस में पहले भी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट हो चुकी है। कांग्रेस की सत्ता रहते हुए मारपीट की घटना का उल्लेख करना तो उचित नहीं है फिर भी एक कार्यकर्ता के साथ मारपीट भी हुई थी और मामला थाने तक पहुंचा था जिसमे बाद में कुल मिलाकर उसे मना लिया गया था। अब सत्ता जाने के बाद मारपीट की घटना समाने आई है इस बार भी यदि आरोप सही हैं जिसकी पुष्टि हम नहीं करते तो कहीं न कहीं मार खाने वाला कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है जो पार्टी को पार्टी प्रत्याशी को मिली हार के बाद पूर्व विधायक पार्टी प्रत्याशी के गुस्से का शिकार हुआ है।

### पति भी मारपीट का लगा चुके हैं आरोप

पूर्व विधायक पर उनके पति भी मारपीट का आरोप सोशल मीडिया में लगा चुके हैं। पूर्व विधायक के पति ने एक नहीं कई सोशल मीडिया पोस्ट डालकर उस समय पर पूर्व विधायक पर मारपीट का आरोप लगाया था जब वह विधायक थीं संसदीय सचिव भी थीं और सरकार भी उनकी पार्टी की थी, अब जब वह पूर्व विधायक भी हैं फिर उनके ऊपर आरोप लगा है और इस बार पार्टी कार्यकर्ता ने उनके ऊपर आरोप लगाया है।







## अंबिका सिंहदेव पर लगा कार्यकर्ता को थप्पड़ मारने का आरोप

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,15 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। बैकुंठपुर विधानसभा सीट की पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव पर कांग्रेसी कार्यकर्ता ने थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है।. बताया जा रहा है कि अंबिका सिंहदेव सोशल मीडिया में अपने खिलाफ की गई पोस्ट से नाराज चल रहीं थीं.। घटना के बाद आक्रोशित ब्रा मण समाज के लोगों ने सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है.साथ ही शनिवार को पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन की बात भी कही है। उल्लेखनीय है कि अंबिका सिंहदेव बैकुंठपुर सीट से कांग्रेस पार्टी की विधायक रह चुकी हैं, जो 2023 विधानसभा चुनाव हारने के बाद से नाराज चल रही थीं।. युवक ने विधायक पर थप्पड़ मारने और धमकी देने




का आरोप लगाया है.। विधायक के खिलाफ सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में शिकायत भी की है। बताया जा रहा है कि आज शाम युवक बैकुंठपुर के पैलेस के समीप बाइक से गुजर रहा था, तभी पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव अपने निजी सचिव भूपेंद्र सिंह और ड्राइवर चंदन सोनी के साथ वहां पहुंची और युवकों को रुकवाया. सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखने की बात कहते हुए एक युवक को थप्पड़ भी जड़ दिया.। वहीं विधायक पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने बिलासपुर जाकर युवकों के खिलाफ केस करने की धमकी दी है. युवक किशन तिवारी का कहना है कि उन्होंने एक खास समुदाय को चिन्हित करते हुए अमर्यादित शब्द कहे हैं।

### विपक्ष के साथ मारपीट हो तो समझ में आता है पर अपने ही पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ हो तो फिर सवाल उठता है

किसी चुनाव में पराजय के बाद अक्सर यह संभावना बनी रहती है की पक्ष विपक्ष के कार्यकर्ताओं में साथ ही पदाधिकारियों में वाद विवाद या मारपीट हो सकती है। इस स्थिति के लिए प्रशासन और पुलिस भी मुस्तैद रहती है तैयारी में रहती है। वहीं जब आपस में ही एक दल के बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच विवाद की बात मारपीट की बात सामने आयेगी निश्चित ही सभी को अचंभा होगा जो इस मामले में भी हो रहा है। लोगों की भी बातों पर गौर करें तो लोगों का भी कहना है की किसी को सड़क पर रोककर उलाहना ही देना अनुचित है बात मारपीट या कालर पकड़ने की यदि है तो वह बिल्कुल ही गलत बात है ऐसा नहीं होना चाहिए।

### कार्यकर्ताओं के साथ सामंजस्य बनाने की बजाय सामंजस्य बिगाड़ना ही राजनीति है?

पूरे मामले में बाद एक सवाल भी खड़ा होता है की क्या कार्यकर्ताओं के साथ सामंजस्य बनाने की बजाए सामंजस्य बिगाड़ना ही राजनीति है। क्या पूर्व विधायक आने वाले समय में कार्यकर्ताओं के बगैर आगे के लिए अपनी राह तैयार कर रही हैं। वैसे राजनीति में आज का विरोधी कल का समर्थक और प्रशंसक भी हो सकता है यदि उसे विश्वास में लेने का प्रयास किया जाए। अब पूर्व विधायक बैकुंठपुर पर लगे आरोपों के बाद ऐसा लगता नहीं है की वह सामंजस्य बनाने वाली राजनीति कर रही हैं। वह कहीं न कहीं अपने आने वाले समय के राजनीतिक जीवन के लिए एक प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही हैं यह भी कहना अनुचित नहीं होगा।

### अपनी ही पार्टी के दूसरे नेताओं के समर्थित कार्यकर्ता पूर्व विधायक के टारगेट में क्यों?

बैकुंठपुर की पूर्व विधायक के टारगेट में वह कांग्रेसी कार्यकर्ता हमेशा रहे हैं जो कांग्रेस पार्टी के ही जिले के बड़े नेताओं के समर्थक हैं। आखिर ऐसा क्यों है यह समझ से परे है। बड़े नेताओं के समर्थक भी कांग्रेस पार्टी की ही विचारधारा से जुड़े हुए हैं और उन्हे पूर्व विधायक अपने कार्यकाल के दौरान भी स्वीकार नहीं कर पाई और न ही अब चुनाव में पराजय के बाद ही वह उन्हे स्वीकार कर पा रही हैं। वैसे राजनीति के जानकारों की माने तो पूर्व विधायक को अब सम्हलकर चलना चाहिए और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि भविष्य में यदि वह दुबारा अपने लिए प्रयास करती हैं तो कार्यकर्ता के बिना फिर उन्हे पराजय का ही मुंह देखना पड़ेगा।

## सेंट्रल बैंक शाखा खड़गवां में आये दिन नित नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं

**खड़गवां सेंट्रल बैंक हितग्राहियों और अपने कारनामों के लिए बड़ी सुर्खियो रह रहा है...**




-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। खड़गवां सेंट्रल बैंक में ग्रामीणो के द्वारा आये दिन किसी ना किसी बात को लेकर चर्चा में रहता है कि खड़गवां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा में आए हितग्राहियों को समस्या तो खत्म होने का नाम नहीं ले रही है कि खड़गवां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का कारनामा सामने आ गया है अखराडाड में एक फ्लाई ऐश प्लांट का ऋष्ा खड़गवां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से हुआ था जिसका कई महिनों से ऋष्ा की राशि का भुगतान नहीं होने के कारण सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपने बैंक के नियम शर्तों के तहत कार्यवाही एवं नोटिस जारी कर हितग्राही को ऋष्ा भुगतान किये जाने का नोटिस भी भेजा गया था इस संबंध में सारे नियम शर्तों का पालन करने के बाद भी ऋष्ा की राशि का भुगतान नहीं होने पर लगभग पिछले पंद्रह से बीस दिनों पहले सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खड़गवां शाखा के बैंक मैनेजर ने हितग्राही के समक्ष फ्लाई ऐश प्लांट को नियम शर्तों के तहत सील कर दिया गया था।

सूत्रों से ये जानकारी मिल रही है कि इस फ्लाई ऐश प्लांट को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा खड़गवां के मैनेजर के सील करने के बाद उस सील को तोड़कर फ्लाई ऐश प्लांट की मशीन को किसी दूसरे स्थल पर पहुंचा गया है इसकी जानकारी मिल रही है जबकि जब तक बैंक का ऋष्ा की राशि जमा कर ऋष्ा चुकता प्रमाण पत्र जारी नहीं हो जाए तब तक उस फ्लाई ऐश प्लांट पर हितग्राही का किसी भी प्लांट से संबंधित सामग्री की किसी दूसरी जगह पर अतरित करने का अधिकार नहीं है मगर यहां तो सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा खड़गवां के द्वारा सील करने के बाद भी प्लांट को दूसरे जगह स्थित कर दिया गया है।सूत्रों से ये जानकारी भी मिल रही है और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है प्लांट को सील करने के बाद प्लांट से मशीन को निकालकर बेच दिया गया है जिसकी जानकारी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा खड़गवां में पदस्थ बैंक मैनेजर को थी उसके बाद इसकी भी ये बैंक मैनेजर ने हितग्राही से साठ गांठ कर इस मामले को निपटाने में लगे हुए हैं?

इस तरह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खड़गवां के शाखा प्रबंधक से फोन के माध्यम से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि मुझे इस संबंध मे जानकारी नहीं है पता मुझे तो आप से जानकारी प्राप्त हो रही है। हम जांच कर कार्रवाई करते हैं।

## एसईसीएल डॉक्टर के पास इलाज करने पहुंचा मरीज... डॉक्टर ने कहा खैरात का अस्पताल नहीं है...फ्री वाला जिला अस्पताल है वहां जाकर कराईए इलाज

**अस्पताल पहुंचे बालक का डॉक्टर ने नहीं किया इलाज...कहा भिखारियों के लिए जिला अस्पताल है वहां जाओ...**







-रवि सिंह-
कोरिया,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)। बैकुंठपुर का रीजनल अस्पताल चरचा जहां पर सभी को स्वास्थ्य सुविधा देनी है पर वहां पर जिम्मेदार डॉक्टर का एक मरीज को यह कहना कि यह अस्पताल खैरात वाला नहीं है फ्री वाला अस्पताल जिला अस्पताल है वहां जाकर इलाज कराए,जिसकी शिकायत मरीज ने उच्च अधिकारियों को कर इस बात से अवगत कराया और डॉक्टर के मानसिकता कितनी अच्छी है इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता।

कोरिया जिले में डॉक्टर की अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि डॉक्टर ने अस्पताल पहुंचे बच्चे का इलाज करने से मना कर दिया वहीं मरीज के परिजन से भी गाली-गलौज करने के भी आरोप लगे हैं। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की है घटना जिले के चरचा थाना क्षेत्र के क्षेत्रीय चिकित्सालय की है। 14 दिसंबर के दिन चरचा निवासी विजय कुमार विश्वकर्मा अपने करीब 3 साल के बेटे के कान में दर्द होने पर इलाज कराने क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा पहुंचे थे। जहां पदस्थ नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर एस के चंदेरिया ने अस्पताल पहुंचे बच्चे का इलाज करने से मना कर दिया। इस पर बच्चे के पिता द्वारा इलाज न करने का कारण पूछने पर डॉक्टर भड़क गए। उन्होंने कहा कि भिखारी के लिए सरकार ने जिला अस्पताल बनाया है वहीं चले जाओ। इतना कहने के बाद वे मरीज के पिता को गालियां देने लगे। डॉ चंदेरिया की शिकायत के लिए बच्चों के पिता ने निदेशक कार्मिक एसईसीएल बिलासपुर मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र और मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा को पत्र लिखा है। डॉक्टर का अमानवीय चेहरा सामने आने के बाद लोगों में डॉक्टर के प्रति गुस्सा बना हुआ है। वही अधिकारी जांच के बाद मामले में कार्यवाही करने की बात कह रहे हैं।

### इलाज के लिए डॉक्टर ने मांगे पैसे

विजय कुमार विश्वकर्मा जब 14 दिसंबर की शाम अपने लगभग 3 साल के बेटे को लेकर क्षेत्रीय चिकित्सालय पहुंचे तो वहां उपस्थित नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर चंदेरिया द्वारा बच्चों का ट्रीटमेंट करने के बदले पैसे की मांग की गई। पैसे ना मिलने पर इलाज न करने और दवा नहीं लिखने की बात कही। डॉक्टर से जब इलाज न करने का कारण पूछा गया तो वह भड़क उठे।

### एसईसीएल से सम्मानित हो चुका है पीड़ित

अपने बेटे को अस्पताल लेकर पहुंचा विजय कुमार विश्वकर्मा पेसे से फुटबॉल का कोच है। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ में कोच के पद पर पदस्थ विजय को कई बार जिला फुटबॉल संघ एवं एसईसीएल कंपनी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। बावजूद इसके क्षेत्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर द्वारा उसके साथ अभद्रता करने के बाद लोग नाराज हैं।

# कोल माफिया कांग्रेस के, सरकार भाजपा की...क्षेत्र में विधायक भाजपा के...कोल माफिया समर्थक पूर्व विधायक के...

# मौका देगा कौन?



## कोल माफिया अपने अवैध कारोबार को लेकर छटपटाहट में,भाजपा नेता उनके कंधे पर रखें अपना हांथ जिससे मिले काम करने की छूट

### कई अवैध कोयला खदाने हैं जिले में संचालित

जिले में कई अवैध कोयला खदाने संचालित हैं। पटना क्षेत्र के आसपास ही अनगिनत अवैध कोयला खदाने संचालित हैं जहां लगातार सीजन में कोयले का खनन जारी रहता है। कोयले का खनन करके स्थानीय लोग एक जगह इकट्ठा करते हैं जिसे कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े लोग जाकर खरीदते हैं और फिर उसे ऊंचे दाम पर बेचते हैं। अवैध कोयला खदाने वन क्षेत्र में संचालित हैं और अवैध कोयला खदानों को लेकर वन विभाग भी मौन बना रहता है कार्यवाही करने से वह पीछे हट जाता है क्योंकि इस कारोबार से जुड़े लोग सत्ता का सहारा लेने में माहिर होते हैं। कई बार अवैध खदानों को बंद भी किया गया लेकिन उसमे भी सफलता नहीं मिल पाई क्योंकि जिन खदानों को बंद किया गया उसके बावजूद कई खदाने अभी भी बंद नही हो सकी है।

### कोयले के कारोबार की सुगबुगाहट सुनाई नहीं दे रही

वैसे कोयले का अवैध कारोबार दिसंबर माह से शुरू हो जाता है और जो मई माह तक अनवरत जारी रहता है जिसमे इस बार पहले ही विलंब नजर आ रहा है। इस बार दिसंबर समाप्त होने की कगार पर है और जनवरी माह आने ही वाला है फिर भी अभी तक कोयले के कारोबार की सुगबुगाहट सुनाई नहीं दे रही है। क्षेत्र में भी अवैध कोयले की काफी मांग रहती है जो स्थानीय ईट भट्ठों के लिए ईधन का काम करता है और ईट भट्ठे भी अब ईट जलाने के लिए तैयार हैं और उन्हे भी कोयले का इंतजार है। अब देखना है की कोयले के अवैध कारोबार को हरी झंडी इस बार मिलती है की नहीं मिलती है ।

-रवि सिंह-
कोरिया,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में इस बार के विधानसभा चुनाव का बाद सत्ता परिवर्तन की स्थिति बनी और पांच साल पूर्व सत्ता में काबिज हुई कांग्रेस पार्टी सत्ता से बेदखल हो गई। कांग्रेस जब सत्ता में थी कोरिया जिले में खासकर बैकुंठपुर विधानसभा में कोयले का कारोबार जमकर फल फूल रहा था जिसको लेकर कई बार खबरें भी प्रकाशित की गई लेकिन अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगा और वह सतत जारी भी रहा। कांग्रेस की सत्ता में कोयले का अवैध कारोबार बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में काफी तेजी से जारी था और इस कारोबार में विधायक समर्थक लोग संलिप्त थे जो निडर होकर इस कारोबार को संचालित कर रहे थे जिसमे उनकी मदद शासकीय तंत्र के लोग भी कर रहे थे जिसकी वजह से वृहद स्वरूप में कारोबार जारी था। अब सत्ता परिवर्तन के बाद कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े पूर्व विधायक के समर्थकों को छटपटाते हुए देखा जा रहा है और वह किसी तरह काम चालू हो सके इस जुगत में लगे हुए हैं। कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े लोग जो पूर्व की सत्ता में सत्ता की आड़ में खुलेआम कोयले का अवैध कारोबार कर रहे थे अब वह इस चिंता में हैं की किस तरह कारोबार जारी हो और उन्हे भी कारोबार करने का मौका मिले।

बता दें की कोरिया जिले में कोयले की कई अवैध खदाने संचालित हैं और वहीं एसईसीएल से भी कोयले की चोरी की जाती रही है और उसे दूसरे राज्यों तक बेचा जाता रहा है। इस कारोबार में काफी मुनाफा हों के कारण इसमें जुड़े लोग भी सफेदपोश ही हैं और वह राजनीति से जुड़े लोग ही हैं जिन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल में खुलकर इस कारोबार को अंजाम दिया था और जमकर मुनाफा बटोरा था। अब सत्ता परिवर्तन के बाद वह काफी परेशान हैं और अब वह किसी भाजपा नेता का अपने कंधे पर हांथ तलाश रहे हैं जिससे उन्हे कारोबार करने का मौका मिल सके। बताना यह भी जरूरी है की कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े अधिकांश लोग पूर्व विधायक के करीबी हैं और अब वर्तमान विधायक भाजपा के हैं वहीं सरकार भी भाजपा की ही है ऐसे में उन्हे खुलेआम कोयले के अवैध कारोबार की छूट मिल पाना तो आसान नजर नहीं आता है फिर भी उनकी मंशा यह है की यदि भाजपा से ही कोई इस व्यवसाय में कूदता है तो उसकी आड़ में उनका भी कुछ जुगाड चल जायेगा जिसकी फिराक में वह लगे हुए हैं।

### करोड़ों का होता है इस मौसम में अवैध कोयले का कारोबार

कोरिया जिले में इस मौसम जिसमे दिसंबर से मई तक का महीना शामिल है करोड़ों का अवैध कोयला खपाया जाता है। कुछ कोयला अन्य राज्यों को भेजा जाता है वहीं कुछ कोयला जिले में ही ईट भट्ठों में खपाया जाता है। करोड़ों के इस अवैध कारोबार में सत्ता की दखल हमेशा देखी गई है और बिना सत्ता की सहमति के इस कारोबार में शुरुआत भी मुश्किल है। इस कारोबार से जुड़े लोग अक्सर सफेदपोश ही चले आए हैं जो इस कारोबार से जुड़कर अच्छा लाभ अर्जित करते चले आए हैं। इस बार इस कारोबार में विराम लगने की आशंका है और देखना है की विराम लगता है की नहीं।

### शासकीय तंत्र भी इस कारोबार में देता है मदद,करता है अवैध कारोबारियों को सहयोग

अवैध कोयला कारोबार में शासकीय तंत्र भी अवैध कारोबारियों का साथ देता है। कई शासकीय विभाग और उनके अधिकारी कर्मचारी हैं जो इस कारोबार पर अंकुश लगा सकते हैं लेकिन वह मौन रहते हैं जिसमे खनिज विभाग,पुलिस विभाग और वन विभाग शामिल है जो इस कारोबार को पूरी तरह बंद कर सकते हैं

### इस बार भाजपा के विधायक अलग ही मंशा में नजर आ रहे हैं लगता नहीं है की वह किसी अवैध कारोबार मामले में हस्तक्षेप करने वाले हैं...

वैसे जहां तक इस बार भाजपा के विधायक अलग ही मंशा में नजर आ रहे हैं लगता नहीं है की वह किसी अवैध कारोबार मामले में हस्तक्षेप करने वाले हैं और समर्थन देने वाले हैं। उन्होंने ने अपनी मंशा पहले भी जारी की है की उनका कार्यकाल इस बार जनता की भलाई के लिए समर्पित होगा और वह किसी भी ऐसे मामलो से दूर रहने वाले हैं जिसमे जरा भी बदनामी का भय है। कोयले के कारोबार से जुड़े लोग ऐसी स्थिति में क्या करेंगे यह भी बड़ा सवाल है क्योंकि यदि वर्तमान विधायक अडिग रह गए मामले में और वह इसपर अंकुश लगाने की सोच लिए तब अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों का क्या होगा यह बड़ा सवाल है।

### अवैध कोयला खदानों में जान का भी होता है खतरा, कई बार जा चुकी है कइयों की जान फिर भी जान जोखिम में डालकर कोयला खनन करते हैं मजदूर

अवैध कोयला खदानों में सुरक्षा मानकों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। एक तरफ से कोयला खनन जारी रहता है और ऊपर कोई सपोर्ट भी नहीं दिया जाता। इस तरह पहाड़ के अंदर कोयला खनन करते हुए मजदूर दूर तक चले जाते हैं और कई बार पहाड़ धसकने के कारण मजदूरों की जान जाने का भी खतरा बना रहता है वहीं कई बार जान जा भी चुकी है कई मजदूरों की फिर भी जान जोखिम में डालकर मजदूर कोयला खनन करने जाते हैं। कुल मिलाकर चंद पैसों की लालच में मजदूर अपनी कीमती जान की भी परवाह नही करते वहीं इस कारोबार के बड़े खिलाड़ी निडर होकर उनसे कोयला खरीदने जाते हैं।



## एनडीआरएफ ने जिला पंचायत में टेबल टॉप मॉक ड्रिल का किया प्रदर्शन

-संवाददाता-
कोरबा,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभाकक्ष में एनडीआरएफ मुण्डली कटक (उड़ीसा) के अधिकारी/जवानों द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से संबंधित टेबल टाप एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग एवं जिला सेनानी श्री पी.बी. सिदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। टेबल टाप मॉकड्रिल में एनडीआरएफ की टीम द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से बचाव कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए टेबल टॉप एक्सरसाइज (टीटीई) का प्रदर्शन किया। व्याख्यान कार्यक्रम में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र एसईसीएल कुसमुडा, बालको पावर प्लांट, नगर सेना कोरबा, लैंको पावर प्लांट, सीएसईबी पूर्व एवं पश्चिम तथा के टी. एस. पावर प्लांट की रेस्क्यू टीम तथा नगर पंचायत कटघोरा एवं नगर पंचायत दीपका के सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक लखनलाल ने कुसमुंडा से तर्दा तक के मार्ग की मरम्मत को लेकर लिखा पत्र

-संवाददाता-
कोरबा16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



जिले के कुसमुंडा से इमली छापर होकर तर्दा तक के मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन के चलते इस मार्ग की स्थिति खराब होने से आए दिन आम नागरिकों को किसी न किसी अनहोनी का सामना करना पड़ रहा है जिससे आम नागरिकों में इस मार्ग के सुधार को लेकर नव निर्वाचित विधायक लखन लाल देवांगन के संज्ञान में दिया गया । जिस पर तत्काल मामले की गंभीरता को भांपते हुए इस सड़क को मरम्मत करने के लिए जिले के कलेक्टर को पत्र लिखकर जल्द से जल्द मरम्मत करने की बात कही गई है । बता दें इस मार्ग में अत्यधिक कोयले से भरे ट्रकों के आवागमन के चलते इस मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है,जिसके कारण आए दिन आम नागरिकों को दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम नागरिकों में रोष व्याप्त है। दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों के सुगम आवागमन के लिए कोरबा विधायक द्वारा जिले के कलेक्टर को सुधार करने की मांग की गई है ।

## पंचायत सचिव संघ के विजय अध्यक्ष,सचिव गनपत कंवर हुए निर्वाचित

-संवाददाता-
कोरबा,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

पंचायत सचिव संघ कोरबा के जिलाध्यक्ष धरम भारद्वाज, जिला सचिव जितेंद्र जायसवाल की देख रेख में कोरबा ब्लॉक सचिव संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न। ब्लाक हेतु नियुक्त निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार अग्रवाल व सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश भास्कर ने निर्वाचन सम्पन्न कराया। निर्धारित अंतिम समय तक नामांकन न आने के कारण मनोनयन कर कोरबा ब्लॉक से सचिव संघ के अध्यक्ष विजय कुमार एक्का, उपाध्यक्ष ममता सोनी,उपाध्यक्ष धन सिंह, सचिव गनपत सिंह कंवर,कोषाध्यक्ष राजकुमार किस्पोट्टा को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर दी गई शुभकामनाएं। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संतलाल कैवर्त व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## आ ऐती आ,उहां का खडे हस, मोर कोती आ

**जब बिरहोरों के लिए काम करने वाले नंगे पांव पहुंचे स्वयंसेवी को आत्मीयता से पुकारा मुख्यमंत्री ने, जीवन होम करने वाले जागेश्वर राम बैरिकेड के उस पार अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे,मुख्यमंत्री ने देखते ही पास बुला लिया,जागेश्वर ने कहा कि कैबिनेट का निर्णय बिरहोरों की आवास संबंधी जरूरत पूरा करने के लिए सबसे बड़ा दिन इसलिए ही आज मुख्यमंत्री को बधाई देने आये हैं...**

-संवाददाता-
जशपुरनगर,16 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राज्य अतिथि गृह पहुना में मेजबान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हैं और पहुना है प्रदेश भर से आने वाले उनके आत्मीय स्नेहीजन। हर स्नेहीजन से मुख्यमंत्री पहुना में बेहद आत्मीयता से मिल रहे हैं। आज मुख्यमंत्री के गांव के निकट भीतघर से उनसे मिलने जागेश्वर राम पहुंचे। जागेश्वर राम कभी चप्पल नहीं पहनते, वे कपड़े भी मामूली ही पहनते हैं। वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने जब पहुना पहुंचे तो वे बैरिकेड के उस पार थोड़े से संकोच के भाव से अपनी बारी का इंतजार करते खड़े हो गये। मुख्यमंत्री श्री साय जब आये तो परिचितों से भेंट करते वक्त उनकी नजर दूर खड़े जागेश्वर राम पर गई। उन्होंने जागेश्वर को आवाज लगाई। बड़ी आत्मीयता से उन्होंने पुकारा। आ ऐती आ, उहां का खड़े हस, मोर कोती आ। फिर उन्होंने जागेश्वर राम को गले लगाया, पूरे समय साथ ही रहे और समय-समय पर आत्मीय चर्चा करते रहे। जागेश्वर ने उन्हें कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख लोगों को आवास देने के निर्णय पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सरगुजा संभाग की विशेष पिछड़ी जनजाति के हजारों बिरहोर लोगों को आवास मिलने का रास्ता खुल गया है जो घास-फूस की झोपड़ियों में हर साल सरगुजा की कड़ी सर्दी गुजारते हैं।

दरअसल जागेश्वर राम और मुख्यमंत्री श्री साय के बीच आत्मीयता की जो कड़ी जुड़ी, वो प्रदेश की अति पिछड़ी जनजाति मानी जाने वाली बिरहोर जनजाति की वजह से जुड़ पाई। जागेश्वर राम महकुल यादव जाति से आते हैं। अपने युवावस्था के दिनों में जब पहली बार वे बिरहोर जनजाति के संपर्क में आये तो इस विशेष पिछड़ी जनजाति की बेहद खराब स्थिति ने उन्हें बेहद दुखी कर दिया। वे शेष दुनिया से कटे थे। शिक्षा नहीं थी, वे झोपड़ियों में रहते थे। स्वास्थ्य सुविधा का अभाव था। उन्होंने संकल्प लिया कि अपना पूरा जीवन बिरहोर जनजाति के बेहतरी में लगाऊंगा। यह बहुत बड़ा मिशन था और इसके लिए उन्होंने अपनी ही तरह के



संवेदनशील लोगों से संपर्क आरंभ किया। इसके चलते वे तत्कालीन सांसद श्री विष्णु देव साय के संपर्क में आये। श्री राम ने उनके समक्ष इस जनजाति के विकास के लिए योजना रखी। सांसद ने उन्हें पूरे सहयोग के लिए आश्वस्त किया। इसके बाद सांसद श्री साय के सहयोग से भीतघरा और धरमजयगढ़ में आश्रम खोले। शुरूआत में ऐसी स्थिति थी कि लोग आश्रम से अपने बच्चों को घर ले जाते थे लेकिन जब आश्रम में पहली पीढ़ी के बच्चे पढ़कर निकले और उनके जीवन में सुखद बदलाव आये तो बिरहोरों ने अपने बच्चों को यहां भेजना शुरू किया। इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए राज्य अलंकरण समारोह में उन्हें शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री से जागेश्वर राम ने कहा कि अब हमारे बिरहोर लोगों की मकान की जरूरत पूरी होगी। आपने 18 लाख आवासों के स्वीकृत करने का निर्णय कैबिनेट की बैठक में किया है। मैंने बिरहोरों की तकलीफ देखी हैं। उनकी उजाड़ झोपड़ियों की जगह अब पक्के घर होंगे। छत्तीसगढ़ में बड़ा फैसला आपने किया है जो लाखों बिरहोरों के जीवन में सुखद बदलाव लाएगा।


### कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन) जिला सूरजपुर (छ0ग0)

प्रारूप ।।
(नियम 5 (1) देखें)
प्रारंभिक अधिसूचना

क्रं0 20210926040008/अ-82/2020-21 दिनांक 26/09/2023

समुचित सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजान के लिए ग्राम कसकेला तहसील भटगांव जिला सूरजपुर में कुल 0.55 हे0 भूमि अपेक्षित है, आवेदक लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग अम्बिकापुर सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन (SIA) यूनिट द्वारा किया गया था और नियम 4 के अधीन यथा विविरचित कलेक्टर द्वारा गठित एक दल द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी/प्रारम्भिक अन्वेषण किया गया था। सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट/प्रारंम्भिक जांच का सार इस प्रकार है (सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न है):- औधौगिक प्रयोजन हेतु भूमि अर्जन के कारण किसी भी परिवार कुटुम्बों के विस्थापित होने की संभावना नहीं है, विस्थापन निरंक है। अनुविभागीय अधिकारी (रा0) को प्रभावित कुटुम्बों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजन हेतु प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाता है। अतः जिला सूरजपुर तहसील भटगांव के ग्राम कसकेला में सेतु निर्माण प्रयोजन हेतु 0.55 हे0 माप के भूखंड जिसका विवरण निम्नानुसार है का अर्जन किया जाता है :-

| क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्र हे.में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 4 | भूमिस्वामी | डांड | 0.02 | शिव कुमार आ0 गोहन्दुल,राम कुमार आ0 गोहन्दुल, धनसाय आ0 गोहन्दुल रजवार सा0 देह भूमि स्वामी निवासी ग्राम कसकेला तहसील भटगांव जिला सूरजपुर | नाला | खसरा क्र. 8, 9, 10 | खसरा क्र. 5/2 | खसरा क्र. 3 |
| 2 | 5/1 | भूमिस्वामी | डांड | 0.03 | आलमसाय आ0 घाना, कस्मेन पुत्री घाना रजवार सा.देह भू स्वामी निवासी ग्राम कसकेला तहसील भटगांव जिला सूरजपुर | नाला | 8 | खसरा क्र. 6,7 | खसरा क्र. 5/2 |
| 3 | 5/2 | भूमिस्वामी | डांड | 0.03 | कलमसाय आ0 धाना, बउधी पुत्री धाना रजवार सा. देह भू स्वामी निवासी ग्राम कसकेला तहसील भटगांव जिला सूरजपुर | नाला | खसरा क्र. 8 | खसरा क्र. 5/1 | खसरा क्र. 4 |
| 4 | 6 | भूमिस्वामी | डांड | 0.05 | बुचुन, मथुरा, नानबाबू पिता बलजीत, मुरली सावित्री,मानमती पुत्री बलजीत, नोहरी वेवा बलजीत अहीर सा.देह भूमि स्वामी निवासी ग्राम कसकेला तहसील भटगांव जिला सूरजपुर | नाला | खसरा क्र. 7 | कच्चा सड़क | खसरा क्र. 5/1 |
| 5 | 7,8,9 | भूमिस्वामी | डांड | 0.21 | फुलकुंवर जौजे भाडुस अहीर, कबूतरी वेवा रंजीत अहीर भू स्वामी निवासी ग्राम कसकेला तहसील भटगांव जिला सूरजपुर | खसरा क्र. 4, 5/1 5/2, 6 | खसरा क्र.11, 12, 13 | कच्चा सड़क | खसरा क्र.10 रेहण्ड नदी |
| 6 | 10 | भूमिस्वामी | डांड | 0.21 | मुन्नीबाई पुत्री बच्चू सा. देह भू स्वामी निवासी ग्राम कसकेला तहसील भटगांव तहसील भटगांव जिला सूरजपुर | खसरा क्र. 2, 3,4 | खसरा क्र. 9, 12 | खसरा क्र. 4,9 | रेहण्ड नदी |
| | | | | 0.55 | | | | | |

| वृक्ष | | संरचनाएं | |
|---|---|---|---|
| किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया |
| निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन जारी की गई है। भूमि से संबंधित रेखांकन कलेक्टर के कार्यालय में और अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान को किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है। सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिंदिष्ट अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान और उनके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात् क्रय/विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी अच्छूक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हों फाइल किए जा सकेंगे। संलग्नक : यथोक्त।

स्थान :
दिनांक :
जी नंबर-06383/1

(सागर सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
एवं भू-अर्जन अधिकारी
भैयाथान, जिला सूरजपुर

(संजय अग्रवाल)
कलेक्टर
जिला सूरजपुर
एवं पदेन उप सचिव छ0ग0 शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग


CMYK

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को किया चारों खाने चित्त

## मुंबई के डीवाई स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को 347 रन से करारी शिकस्त दी

**» भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद इंग्लैंड की टीम को 136 रन पर समेट दिया**

**» भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रन से हराकर इतिहास रचा**

**नवी मुंबई, 16 दिसम्बर 2023।** अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने लगातार दूसरे दिन गेंदबाजी में कमाल दिखाया जिससे भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को तीसरे दिन ही रिकॉर्ड 347 रन से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा।अनुसार भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर 6 विकेट पर 186 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने 479 रन का असंभव लक्ष्य रखा।
ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (32 रन देकर 4 विकेट) और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (23 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके इंग्लैंड को 131 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह से भारत ने महिला टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उसने श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 1998 में पाकिस्तान को 309 रन से हराया था।भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद इंग्लैंड की टीम को 136 रन पर समेट दिया था।
यह भारतीय टीम की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर 15 टेस्ट मैच में पहली जीत है। इससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में बढ़े मनोबल के साथ भाग लेगी। पिछले तीन दिन में भारतीय टीम ने ऐसी कोई कमजोरी नहीं दिखाई जिससे यह लगे कि वह पिछले दो वर्षों में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही है। यह भारत का पिछले नौ वर्ष में घरेलू धरती पर पहला टेस्ट मैच था।



इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों और विशेषकर दीप्ति के सामने जूझते हुए नजर आए। दीप्ति ने पहली पारी में सात रन देकर पांच विकेट लिए थे। भारत की पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाली दीप्ति को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।विशाल लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की टीम शुरू में ही लड़खड़ा गई। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने टैमी ब्यूमोंट (17) का ऑफ स्टंप थर्राकर भारत को पहली सफलता दिलाई।
वस्त्राकर ने अपने पहले ओवर में ही दो विकेट लेकर इंग्लैंड को गहरे संकट में डाल दिया। उन्होंने सोफिया डंकले (15) को गली में हरलीन देयोल के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर नेट साइवर-ब्रंट को बोल्ड किया।
भारत ने हीथर नाइट और डैनी व्याट के खिलाफ डीआरएस के दो रिव्यू भी बर्बाद किये लेकिन उसे तीसरा विकेट हासिल करने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा।
वस्त्राकर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनकी ऑफ स्टंप से बाहर की गई गेंद नाइट के बल्ले को चूमकर यास्तिका भाटिया के दस्तानों में समा गई। नाइट ने 21 गेंद पर 20 रन बनाए जिसमें चार चौके शामिल हैं। दीप्ति ने व्याट (12) को पहली स्लिप में कैच कराकर पारी में अपना पहला विकेट लिया।
दीप्ति ने इसके बाद एमी जोन्स (05) को शॉर्ट मिड विकेट पर कैच देने के लिए मजबूर किया। इस 26 वर्षीय गेंदबाज ने पारी के अपने सातवें ओवर में केट क्रॉस (16) और लॉरेन फाइलर (00) को पवेलियन भेजा।
दीप्ति हालांकि एक टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बनने से चूक गई। इस बीच राजेश्वरी गायकवाड़ (20 रन देकर 2 विकेट) ने कुछ सफलताएं हासिल की। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी ने सोफी एक्लेस्टोन (10) और लारेन बेल (08) को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया।

## पोंटिंग ने कहा-मैक्सवेल टेस्ट क्रिकेट खेलने लायक नहीं है



**नई दिल्ली, 16 दिसम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का तर्क है कि गतिशील ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल प्रतिष्ठित टेस्ट क्षेत्र में जगह पाने के लायक नहीं हैं। पोंटिंग ने साथ ही कहा कि उन्होंने प्रथम श्रेणी में ज्यादा रन नहीं बनाए हैं। सीमित ओवरों के प्रारूप में उत्कृष्ट योगदान देने वाले मैक्सवेल के नाम सिर्फ सात टेस्ट कैप हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था।
खेल के बारे में अपनी गहरी समझ के लिए जाने जाने वाले पोंटिंग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि, उनके विचार में, मैक्सवेल टेस्ट क्रिकेट के लिए आवश्यक मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं, जिससे खेल के सबसे लंबे प्रारूप के लिए इस ऑलराउंडर की उपयुक्तता पर सवाल उठ रहे हैं।
पोंटिंग ने कहा, कोई भी तब तक मौके का हकदार नहीं है जब तक कि आपके पीछे प्रथम श्रेणी रनों का ट्रक न हो। मैं नहीं मानता, वह इसके लायक नहीं है। लेकिन अगर उसे वापस जाने और कुछ प्रथम श्रेणी रन बनाने का मौका मिलता है तब वह जबरदस्ती वापस अंदर आ सकता है। विश्व कप में मैक्सवेल के साहसिक प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड छठा वनडे विश्व कप खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके असाधारण प्रदर्शन ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसकी परिणति फाइनल में भारत पर जीत के रूप में हुई। मैक्सवेल ने अभी भी अपने टेस्ट करियर को नहीं छोड़ा है और उनकी नजर इस ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में जगह बनाने पर है। मैक्सवेल ने कहा, मैंने हार नहीं मानी है, मुझे लगता है कि जिस तरह से मैं सफेद गेंद से क्रिकेट खेल रहा हूं, उसके समय के बारे में मुझे यथार्थवादी होना होगा।

## रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाते ही एमआई पर आग बबूला हुए फैंस

**» साढ़े 4 लाख फॉलोअर्स से धोना पड़ा हाथ**



**मुंबई, 16 दिसम्बर 2023।** मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को अपनी टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 5 बार मुंबई को चैंपियंस बनाने वाले रोहित को आईपीएल 2024 से पहले कप्तानी से हटाना फैंस को बिलकुल भी रास नहीं आ रहा है।
मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार 15 दिसंबर को एक बड़ा फैसला लेते ही सबको चौंका दिया। दरअसल, मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को अपनी टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 5 बार मुंबई को चैंपियंस बनाने वाले रोहित को आईपीएल 2024 से पहले कप्तानी से हटाना फैंस को बिलकुल भी रास नहीं आ रहा है। फ्रेंचाइजी के इस फैसले से फैंस बेहद नाराज हैं।
इसके साथ ही फैंस ने भी अपना आक्रोश दिखाते हुए मुंबई इंडियंस को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अनफॉलो करना शुरू कर दिया है। करीब साढ़े 4 लाख फैंस ने टीम का साथ छोड़ दिया है, इस दौरान एक फैन ने तो जर्सी को ही जला दिया।
बता दें कि, जैसे ही मुंबई इंडियंस ने आधिकारिक रूप से इस बात की पुष्टि की कि, हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 में टीम के कप्तान होंगे तो पहले उन पोस्ट पर रोहित शर्मा और टीम के फैंस ने अपनी भड़ास निकाली। फिर जल्द ही फैंस टीम के हैंडल्स को अनफॉलो करने लगे। अकेले इंस्टाग्राम पर शुक्रवार को मुंबई इंडियंस ने करीब 3 लाख फॉलोअर्स खो दिए। ये सिलसिल अगले दिन यानी शनिवार 16 दिसंबर को भी जारी रखा और डेढ़ बजे तक 1 लाख 22 हजार फैंस ने मुंबई इंडियंस के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल को अनफॉलो कर दिया।
सोशल मीडिया के आंकड़े को दर्शाने वाली कंपनी सोशल ब्लेड की मानें तो यूट्यूब से करीब 10 हजार लोगों ने चैनल को अनसब्सक्राइब किया है, जबकि ट्विटर पर करीब 33 हजार फैंस ने टीम का साथ छोड़ दिया है।

### मुंबई इंडियंस के नए कप्तान बने हार्दिक, रोहित शर्मा को करेंगे रिप्लेस

पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने टूर्नामेंट के 2024 सीजन के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अपना नया कप्तान घोषित किया है। हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की जगह ली है, जिन्होंने 10 सालों तक मुंबई इंडियंस की कमान संभाली है और पांच बार टीम को चैंपियन भी बनाया। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि हार्दिक को कप्तान बनाना भविष्य को ध्यान में रखते हुए 2024 आईपीएल सीज़न से पहले उनके महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का एक हिस्सा है। यह घोषणा 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल 2024 खिलाड़ी नीलामी से ठीक पहले हुई है। मुंबई इंडियंस के वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख माहेला जयवर्धने ने कहा, मुंबई इंडियंस को हमेशा सचिन से लेकर हरभजन और रिकी से लेकर रोहित तक शानदार कप्तान मिले। अब हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 सीज़न के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे। हम रोहित शर्मा के नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। 2013 से मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल यादगार रहा है। हार्दिक ने अपने पहले सीज़न में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 2023 में, हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपविजेता रहे। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। बाद में, रिटेंशन विंडो समाप्त होने के एक दिन बाद 25 नवंबर को मुंबई ने गुजरात से हार्दिक को ट्रेड किया।



## पाकिस्तान से बाहर होगी चैंपियंस ट्रॉफी?

**» पीसीबी ने मेजबानी अधिकार पर किए हस्ताक्षर**

**करांची, 16 दिसम्बर 2023।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दुबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साथ 2025 चैंपियस ट्रॉफी के लिए मेजबानी अधिकार समझौते को आधिकारिक तौर हर हस्ताक्षर किए। अब ये तय हो गा है कि 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाकिस्तान ही रहेगा। पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ और आईसीसी जनरल काउंसिल जोनाधन हॉल द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी समझौते हस्ताक्षर हुए। आखिरी बार पाकिस्तान में आईसीसी इवेंट 1996 में हुआ था, जो क्रिकेट वर्ल्ड कप था। 2009 में लाहौर में श्रीलंकाई टीम पर आतंकवादी हमले के बाद से पाकिस्तान में कई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं हुआ, बल्कि सुरक्षा चिंताओं के कारण कई सालों तक किसी देश ने भी पाकिस्तान का दौरान नहीं किया था। 2009 चैंपियंस ट्रॉफी और 2011 वर्ल्ड कप के कुछ मैचों की मेजबानी करने से भी पाकिस्तान चूक गया था।
पाकिस्तान में एशिया कप 2023 का आयोजन भी होना था लेकिन सुरक्षा के कारण बीसीसीआई अपनी टीम वहां नहीं भेजना चाहती थी। पाकिस्तान को इसके बाद इसे हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करना पड़ा था, जिसके तहत भारत ने अपने सारे माच श्रीलंका में खेले थे, जबकि इसका सेमीफाइनल और फाइनल भी पाकिस्तान नहीं हुआ। हालांकि, इसका मेजबान पाकिस्तान ही था और जो लोग ये सोच रहे हैं कि इस समझौते से पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में ही होगी वो पूरी तरह से इस मामले में सही नहीं है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे से नई शुरुआत करने उतरेगा भारत

**» नई पीढ़ी के उसके कई खिलाड़ी अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बेताब होंगे।**

**नई दिल्ली, 16 दिसम्बर 2023।** विश्व कप के फाइनल में पराजय का कड़वा स्वाद चखने के बाद भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से इस प्रारूप में नई शुरुआत करने के लिए उतरेगी, जिसमें नई पीढ़ी के उसके कई खिलाड़ी अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बेताब होंगे। अब जबकि टी20 विश्व कप पास में है तब वनडे श्रृंखला की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठाए जा सकते हैं लेकिन 2025 में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए भारत ही नहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए भी अपने नए खिलाड़ियों को आजमाने का यह बेहतरीन मौका होगा। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने पिछले डेढ़ दशक में सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है, लेकिन अब उनका करियर अवसान पर है और ऐसे में उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी पर है। इन परिस्थितियों में सबसे ज्यादा ध्यान केएल राहुल पर रहेगा जो तीन मैच की श्रृंखला में टीम की अगुवाई करेंगे। वह पहले भी




भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं लेकिन इस श्रृंखला में सफलता मिलने पर उन्हें लंबी अवधि के लिए वनडे टीम की कमान सौंपी जा सकती है।
राहुल, अस्वस्थ होने के कारण टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाने वाले रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी पहले भी अपने कौशल का परिचय दे चुके हैं, लेकिन कुछ अन्य खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। इन खिलाड़ियों में रिंकू सिंह भी शामिल है जिन्होंने इस साल टी20 क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी है। टीम प्रबंधन उन्हें 50 ओवरों के प्रारूप में भी आजमाना चाहेगा और इसलिए बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को कल वनडे में पदार्पण का मौका मिल सकता है। रजत पाटीदार को भी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का मौका मिल सकता है।इसी तरह से भारद्वाज साई सुदर्शन और तिलक वर्मा को भी मध्यक्रम मैं जगह मिल सकती है। भारतीय टीम प्रबंधन को उम्मीद रहेगी कि ये खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के आक्रमण के सामने अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जो कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के कारण कमजोर है। भारत भी वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के बिना इस श्रृंखला में उतरेगा।

## पीकेएल के पुणे चरण में यू मुंबा की पटना पर रोमांचक जीत

**पुणे, 16 दिसम्बर 2023।** अमीरमोहम्मद जफरदानेश ने प्रेरणादायक प्रदर्शन करते हुए पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में यू मुंबा को पटना पाइरेट्स पर 42-40 से रोमांचक जीत दिलाने में मदद की। ईरानी रेडर ने 13 अंक हासिल किए और उन्हें विश्वनाथ वी का भरपूर समर्थन मिला, जिन्होंने प्रो कबड्डी लीग सीज़न 10 मैच में 8 अंक बनाए। तीसरे मिनट में गुमान सिंह ने कुछ रेड प्वाइंट हासिल किए और यू मुंबा 3-2 से आगे हो गई। दोनों पक्षों ने कड़ी टक्कर दी और छठे मिनट में 5-5 से बराबरी पर थे। पाइरेट्स और मुंबई की टीम एक-दूसरे के खिलाफ रेड का मुकाबला करती रहीं, जब तक कि सचिन ने शानदार रेड मारकर यू



मुंबा को मैट पर तीन सदस्यों तक सीमित नहीं कर दिया। हालाँकि, विश्वनाथ वी ने अंकित और सुधाकर एम को बाहर करने के लिए डबल-पॉइंट रेड मारी और 12वें मिनट में यू मुंबा को 10-9 से आगे रखा। मंजीत ने 15वें मिनट में सुपर टैकल किया और पाइरेट्स को 11-13 से गेम में बनाए रखा। सचिन ने रक्षा इकाई का शानदार ढंग से समर्थन किया और मैट पर मुंबई की टीम को एक सदस्य तक सीमित कर दिया। लेकिन हेइदराली एकरामी ने शानदार रेड के जरिए मुंबई को मुकाबले में बनाए रखा। हालाँकि, पाइरेट्स ने यू मुंबा पर दबाव बनाना जारी रखा और 17वें मिनट में उसे ऑल आउट कर दिया। पटना की टीम लय में रही और पहले हाफ की समाप्ति तक 21-18 से आगे रही।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की इंडियन पुलिस फोर्स का पहला पोस्टर जारी

शेरशाह से बॉलीवुड में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज द पुलिस फोर्स से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।
इस कॉप एक्शन ड्रामा से अब तक सिद्धार्थ मल्होत्रा के कई लुक्स सामने आ चुके हैं। इस वेब सीरीज में पहली बार दर्शकों को सिद्धार्थ मल्होत्रा, विवेक ऑबेराय और शिल्पा शेट्टी की तिकड़ी दिखाई देगी। एक लंबे समय के बाद रोहित शेट्टी ने आखिरकार इस बात से पर्दा उठा ही दिया कि सिद्धार्थ मल्होत्रा-शिल्पा शेट्टी स्टारर इस वेब सीरीज का टीजर कब दर्शकों के सामने आएगा।




आपको बता दें कि शाहिद कपूर और सैफ अली खान जैसे बड़े-बड़े सितारे पहले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी छाप छोड़ चुके हैं। अब सिद्धार्थ मल्होत्रा भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। इंडियन पुलिस फोर्स के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है।
जिसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करने के साथ ही रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर 2023 यानी कि कल रिलीज किया जाएगा।
सिद्धार्थ मल्होत्रा -शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय स्टारर इंडियन पुलिस फोर्स सीरीज 19 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। रोहित शेट्टी के साथ-साथ सुश्वंत प्रकाश भी निर्देशक की कुर्सी इस वेब सीरीज में संभालते हुए नजर आ रहे हैं। इन तीनों के अलावा एक्ट्रेस ईशा तलवार, विभूति ठाकुर, निकितिन धीर, श्वेता तिवारी और शरद केलकर भी इंडियन पुलिस फोर्स वेब सीरीज का हिस्सा हैं। इस पोस्टर को देखने के बाद अब फैंस सिद्धार्थ मल्होत्रा को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखने का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं।

## रवीना टंडन ने किया नई सीरीज कर्मा कॉलिंग का ऐलान

रवीना टंडन का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी के साथ दिलकश अदाओं से करोड़ों दर्शकों का दिल जीता है।अभिनेत्री को आखिरी बार मिलिंद सोमन के साथ इसी साल आई फिल्म वन फ्राइडे नाइट में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी को काफी पसंद किया गया। अब रवीना ने अपनी नई वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग का ऐलान कर दिया है।इसमें नम्रता शेठ भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह सीरीज अमेरिकी मूल सीरीज रिवेंज पर आधारित है, जो 2011-2015 तक प्रसारित हुई थी।
वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर सामने आ चुका है, जिसमें उनका बेहद अलग अवतार देखने को मिल रहा है।यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी। इसका प्रीमियर अगले साल 26 जनवरी को होगा।रवीना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कर्मा कॉलिंग का टीजर साझा किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, जैसा काम करोगे वैसा




ही फल मिलेगा? कर्मा को बुलाने दो, मैं संभाल लूँगी।इसमें वरुण सूद का किरदार भी महत्वपूर्ण होगा।
सीरीज के बारे में बात करते हुए रवीना टंडन ने कहा, इंद्राणी कोठारी का मानना है कि दुनिया उनका मंच है। मैंने बहुत लंबे समय से ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया है। कर्मा कॉलिंग निश्चित रूप से जो दिखता है, उससे कहीं अधिक है और यह अमीरों की दुनिया के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता है। इंद्राणी की भूमिका निभाने से मुझे एक अभिनेत्री के रूप में खुद को और अधिक तलाशने में मदद मिली। यह पहले कभी नहीं देखी गई और पहले कभी नहीं की गई भूमिका है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार कर रही हूं। रुचि नारायण के साथ सहयोग करना असाधारण रहा है।
निर्देशक रुचि नारायण ने कहा, कर्मा कॉलिंग बेहद अमीर और संपन्न कोठारी परिवार और उनकी दुनिया में उनके इर्द-गिर्द रची गई साजिशों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। सीरीज में भव्यता और ग्लैमरस दृष्टिकोण है, जिसकी कहानी बदला, धोखे, विश्वासघात को बुनती है और कोठारी परिवार के अनुभवों को भी दर्शाती है। सीरीज निश्चित रूप से आपके लिए आनंददायक होगी और आपको और अधिक देखने के लिए लालायित कर देगी। रवीना टंडन और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।



## फाइटर के पहले गाने में जमकर थिरके ऋतिक-दीपिका

ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म 'फाइटर' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह 25 जनवरी से सिल्वर स्क्रीन पर अपनी चमक बिखेरेगी। पिछले दिनों इस फिल्म से कई कलाकारों के फर्स्ट लुक जारी किए गए थे। साथ ही इसका टीजर भी सामने आ चुका है। आज शुक्रवार (15 दिसंबर) को इसके मेकर्स ने फैंस को तोहफा देते हुए इसका पहला गाना 'शेर खुल गए' रिलीज कर दिया।
गत दिवस इस गाने का टीजर शेयर किया गया था। गाना एक पार्टी का है, जिसमें ऋतिक और दीपिका शानदार डांस मूव्स के साथ रंग जमा रहे हैं। उनके साथ गाने में करण सिंह ग्रोवर और अनिल कपूर भी झूमते नजर आए। गाने के बोल गीतकार कुमार ने लिखे हैं। इसे विशाल ददलानी, शेखर, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने गाया है। म्यूजिक विशाल-शेखर का है। फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद हैं। ऋतिक के साथ सिद्धार्थ की ये तीसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों 'वॉर' और 'बैंग बैंग' में एक साथ काम कर चुके हैं। 'फाइटर' ऋतिक की पहली 3डी फिल्म है। ऋतिक स्क्वॉडरन पायलट 'शमशेर पठानिया' उर्फ 'पैटी' तथा दीपिका स्क्वाड्रन लीडर 'मिनल राठौड़' उर्फ 'मिन्नी' का रोल अदा करेंगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

» सीएम साय और बृजमोहन अग्रवाल हुए शामिल

» विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ पर बोले सीएम साय...जरूरतमंदों को मिले योजनाओं का लाभ यही उनका प्रयास





**रायपुर, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब परिसर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीप प्रज्वलित कर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल और पुरंदर मिश्रा सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद हैं। वहीं वर्चुअल रूप से देश के प्रधानमंत्री मोदी भी कार्यकर्म में शामिल हुए है। आज हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद आज पहली बार पूरे प्रदेश के नागरिकों से बात करने का सुअवसर आया है।प्रधानमंत्री जी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। हम सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं कि यह यात्रा हमारे प्रदेश में भी प्रभावी तरीके से संचालित हो पाएगी।

### सीएम ने कहीं मोदी की गारंटी पूरी करने की बात

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है मैं यह बताना चाहता हूँ कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जनहित में योजनाएं बनाते हैं साथ ही योजना का लाभ लोगों तक पहुँचे यह भी सुनिश्चित करते हैं। ग़रीबों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार समर्पित होकर कार्य करती है हमारे प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय भी देश के नागरिकों की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसी महामारी को ख़त्म कर पूरे विश्व को संदेश दिया है। कोविड के दो टीके बनाया और दूसरे देशों को भी दिये। ग़रीब कल्याण योजना की अवधि प्रधानमंत्री ने बढ़ाई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ जनता को 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के लिए चिंता है। हर वर्ग के सरोकार हैं। मैं मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूँ कि मोदी की गारंटी पूरी होंगी। शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने केबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। आपके आशीर्वाद से हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरा करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारम्भ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। आप सभी से आग्रह करना चाहता हूँ की आप सभी हितग्राहियों के फार्म भरवा कर योजनाओं का लाभ दिलवाने में उन्हें मदद करें।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टालों का किया अवलोकन

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और शासकीय योजना के हितग्राहियों से चर्चा की।

## मोदी के रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम की होगी छत्तीसगढ़ में पोस्टिंग

**रायपुर, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में 5 साल बाद बीजेपी सरकार की वापसी के बाद शासन के साथ-साथ प्रशासन में भी बड़े फेरबदल की शुरुआत हो गई है। इसी कड़ी में अब मुख्यमंत्री के तौर पर नए चेहरे को लाने के साथ प्रशासन पर उनकी पकड़ को बरकरार रखने के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल तक उतारने पीएम मोदी के विश्वस्त रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम को छत्तीसगढ़ भेजा जायेगा।



### बीवीआर सुब्रमण्यम

बता दें आंध्रप्रदेश के बीवीआर सुब्रमण्यम ने लंदन बिजनेस स्कूल से पढ़ाई करने के साथ-साथ इंजीनियरिंग की डिग्री भी है। छत्तीसगढ़ कैडर के 1987 बैच के आईएएस अफसर रह चुके बीवीआर सुब्रमण्यम हैं। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सम्हालने वाले सुब्रमण्यम के कार्यकाल के दौरान नक्सल ऑपरेशंस में अच्छा काम हुआ था। 2018 में उन्हें जम्मू-कश्मीर का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। रिटायर होने के बाद फरवरी 2023 में उन्हें नीति आयोग का सीईओ बनाया गया।

# जज ने सीएसपी को लगाई जमकर फटकार

**खुद ही न्याय करने की इतनी इच्छा है तो वर्दी उतार कर काला कोट पहनो और कोर्ट आ जाओ,मैं स्वागत करूंगा**

» न्यायधानी में न्याय के लिए भटक रहे मृतक के परिजनों को मिली राहत

**बिलासपुर, 16दिसम्बर 2023(ए)।** न्यायधानी में आत्महत्या के एक मामले में मृतक के परिजनों को न्याय के लिए भटकना पड़ा। आखिरकार जब परिजन हाईकोर्ट पहुंचे तब वहां सुनवाई के दौरान जज ने सीएसपी को जमकर फटकार लगाई। जज को यहां तक कहना पड़ा कि जब सारा काम पुलिस कर रही है तो फिर इस देश में जजों की जरूरत ही नहीं है।

### प्रताड़ना के चलते आत्महत्या का मामला



यह मामला 11 जनवरी 2022 का है, जब बिलासपुर में सिद्धांत नागवंशी नाम के एक युवक ने आत्महत्या कर ली थी।मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया था कि जमीन कारोबारी और कांग्रेस नेता अकबर खान की प्रताड़ना की वजह से उसने जान दी है। इससे संबंधित जमीन के सौदे में दीपेश चौकसे और मीनाक्षी बंजारे का नाम भी सामने आया था। सिविल लाइन पुलिस ने परिजनों के बयान के बावजूद अकबर खान के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया।

### सुनवाई के दौरान सफाई देते रहे सीएसपी

इस मामले में पुलिस द्वारा की गई पुलिस की जांच के खिलाफ पीड़ितों ने हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान उपस्थित सिविल लाइन सीएसपी संदीप पटेल ने बार-बार सफाई देने की कोशिश की कि जांच में अकबर खान की संलिप्तता दिखाई नहीं दे रही है। वहीं जब जज ने केस डायरी मंगाई और उसका अवलोकन किया। तब उन्हें मीनाक्षी बंजारे के पुराने केस भी याद आ गए। उन्होंने सीएसपी को फटकार लगाई और कहा कि सारा काम पुलिस कर रही है तो फिर इस देश में जजों की जरूरत ही नहीं है।

### जज ने पुलिस अधिकारी को दी नसीहत

जज ने मौके पर ही सीएसपी पटेल को नसीहत दी कि 'अपनी वर्दी की थोड़ी इज्जत करिये। खुद ही न्याय करने की इतनी इच्छा है तो वर्दी उतार कर काला कोट पहनो और कोर्ट आ जाओ, मैं स्वागत करूंगा। जज ने कहा कि ऐसा क्या हो जाता है कि ÷बड़े लोगों के ऊपर कार्रवाई करने से पुलिस चूक जाती है। कोई आदेश लिख दिया तो परेशानी में पड़ जाओगे। एफआईआर दर्ज करिये, जो जांच में आएगा उसके अनुसार आगे कार्रवाई होगी। जज की फटकार के बाद सीएसपी ने उनके निर्देश का पालन करने की हामी भरी और तुरंत एफ आई आर दर्ज करने की बात कोर्ट में कही।

# मुख्य सचिव ने अफसरों के लिए जारी किया महत्वपूर्ण आदेश

**रायपुर, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिकारी जिला छोड़कर सीएम से मिलने नहीं आएं। मुख्य सचिव ने सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश का हवाला दिया है। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में बहुत काम है ऐसे में अधिकारी जिला न छोड़ें। मुलाकात के लिए सीएम बाद में समय देंगे। बता दें कि छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त सीएम विष्णुदेव साय हाल ही में मंत्रालय का कार्यभार संभाला है। ऐसे में मुलाकात के लिए जहां विभिन्न समाजों के लोग समय निकाल रहे हैं, वहीं जिले के अधिकारी भी सीएम से मिलने के लिए राजधानी पहुंच रहे हैं। ऐसे में मुख्यसचिव ने सीएम के निर्देश का हवाला देकर अधिकारियों के जिला छोड़ने पर ही रोक लगा दिया है।



# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किसानों की कर्ज माफी पर कही बड़ी बात

**रायपुर, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वनवासी कल्याण आश्रम रोहिणीपुरम पहुंचे. जहां बहनों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया. उन्होंने आश्रम के लोगों से मुलाकात की. इस दौरान डिप्टी सीएम शर्मा ने किसानों की कर्ज माफी समेत अनेक मुद्दों पर बयान दिया. यहां से विजय शर्मा विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने कवर्धा रवाना हुए. उन्होंने कहा कि 3:30 कवर्धा में कार्यक्रम में शामिल होंगे. पीएम का उद्बोधन शाम 4 बजे प्रारम्भ होगा, लाभार्थियों तक पहुंचने और अन्य फीडबैक लेने के लिए ये प्रोग्राम हैं. कर्ज माफी पर बयानबाजी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अपनी पार्टी के साथ चर्चा के आधार पर कहा था की 2 लाख रुपये तक कर्ज माफी होगी. घोषणापत्र आने के बाद भी मैंने कहा कि इससे बड़ी योजना आ गई है.जिसमें धर्मातरण पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार की कैबिनेट बैठक हुई. हमारा भाव स्पष्ट है कि अवैध धर्मांतरण नहीं होना चाहिए. यदि ऐसा होगा तो प्रशासन इसे लेकर कार्रवाई करेगी. कर्ज माफी पर बयानबाजी को लेकर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अपनी पार्टी के साथ चर्चा के आधार पर कहा था की 2 लाख रुपये तक कर्ज माफी होगी. घोषणापत्र आने के बाद भी मैंने कहा कि इससे बड़ी योजना आ गई है.



## भारी फायरिंग के बीच कैम्प छोड़ कर भाग निकले नक्सली कमांडर

**बीजापुर, 16 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के पेददा कोरमा के जंगलों में शनिवार सुबह पुलिस नक्सली मुठभेड़ में भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाईयां, माओवादी वर्दी, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद हुई है। करीब घंटे भर की मुठभेड़ के बाद जवानों को माओवादियों का कैम्प ध्वस्त करने में सफलता मिली। जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों को नक्स ली कमांडर व गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम, गंगालूर एलओएस कमाण्डर दुला कारम की मौजूदगी की सूचना मिली थी।इस सूचना पर सुरक्षा बल के जवान ऑपरेशन के लिए निकले थे। इसी दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 के जवानों के साथ सुबह पेददा कोरमा के जंगलों में हुई मुठभेड़ हो गई। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्यवाही में नक्लसी कैम्प छोड़ निकले। सर्चिंग के दौरान कैंप से भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाईयां, माओवादी वर्दी, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री, माओवादी साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है।



# बीजेपी सरकार बनते ही खरीदी केंद्रों में धान की आवक में तेजी

**रायपुर, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार बनने के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के साथ ही अब सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई (स्नष्टढ्ढ)में चावल जमा होना शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार अभी तक चार जिलों में 3 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल जमा किया गया है। बता दें कि राज्य सरकार को सेंट्रल पूल के लिए 61 लाख मीट्रिक टन चावल तैयार कर दिया जाना है। अब तक राज्य से केवल अरवा चावल लिया जा रहा है। राज्य में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनने के बाद ये संभावना है कि उसना चावल की भी मांग केंद्र से आ सकती है।राज्य से सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में चावल जमा करने का काम शुरू होने के बाद कुछ जिलों में इसकी शुरुआत हो चुकी है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार जिन जिलों में एफसीआई चावल जमा किया गया है, उनमें बालोद, धमतरी, और रायपुर शामिल हैं। हालांकि अभी ये शुरुआत ही है। अब तक तीन हजार मीट्रिक टन चावल जमा हो गया है, लेकिन इन जिलों के अलावा बाकी जिलों में अब तक सेंट्रल पूल के चावल की बोहनी नहीं हो पाई है। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर से जारी धान खरीदी के बीच 13 दिसंबर को 68 हजार से अधिक किसानों ने अपना धान बेचा है। इससे पहले चुनाव, त्योहारी सीजन और बेमौसम बारिश की वजह से धान खरीदी प्रभावित हुई थी। बस्तर, सरगुजा संभाग के जिलों में धान की आवक इस सीजन में कम रही है, लेकिन अब वहां भी किसान तेजी से धान बेचने आ रहे हैं।



## रामविचार नेताम आज लेंगे शपथ

**रायपुर, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** रामविचार नेताम आज प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ लेंगे। रामविचार नेताम विधानसभा सत्र में नव नियुक्त विधायकों को शपथ दिलायेंगे। विधानसभा का सत्र 19 से 21 दिसंबर के बीच होगा। इस दौरान नेताम नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे।राम विचार नेताम सरगुजा के रामानुजगंज से विधायक चुने गए हैं।लगातार पांच बार विधायक बनने का रिकार्ड अपने क्षेत्र से बनाया। रामविचार नेताम रामानुजगंज विधानसभा से छठवीं बार के विधायक हैं।



## ईश्वर साहू के बेटे को मिलेगी पुलिस में अनुकंपा नौकरी

**रायपुर/बेमेतरा, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिरनपुर हिंसा में प्रभावित साजा से नवनिर्वाचित विधायक ईश्वर साहू के छोटे बेटे कृष्णा साहू को पुलिस में अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। इस बाबत एसपी कार्यालय बेमेतरा से कृष्णा के नाम पत्र जारी कर उनसे जरूरी कागजात मांगे हैं। बिरनपुर हिंसा में विधायक ईश्वर साहू के बड़े बेटे भुवनेश्वर साहू की मौत हो गई थी। तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उनके परिवार से किसी एक को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। लेकि उन्होंने मुआवजा और सरकारी नौकरी का सरकारी प्रस्ताव ठुकरा दिया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कृष्णा इस नौकरी का प्रस्ताव स्वीकारते हैं या नहीं।



## कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे पर भड़के विधायक राजेश मूणत



### दी सुधरने की नसीहत, बोले-कांग्रेस का शासन...

**रायपुर, 16 दिसम्बर 2023(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम की जानकारी विधायकों को नहीं देने पर रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे पर भड़क उठे.। जिसके बाद आयोजन स्थल पर पहुंचकर फटकार लगाई. उन्होंने कहा, कांग्रेस शासन काल से जारी रवैया सुधार लें. बता दें कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ में पहुंचे.। रायपुर के सभी विधायक और सांसद मौजूद थे।. हालांकि, कार्यक्रम की जानकारी कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने विधायकों को नहीं दी थी.। जिसको लेकर विधायक राजेश मूणत नाराजगी जाहिर की.।




## जंगल में दबोचे गए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने वाले 4 नक्सली

**कांकेर, 16 दिसम्बर 2023 (ए)।** जिले के परतापुर सदकाटोला थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुए आईईडी ब्लास्ट में शामिल 04 सक्रिय नक्सली मुकुंद नरवा सदाराम पिता उम्र 45 साल, जग्गू राम आंचला पिता मनीराम आंचला उम्र 45 साल, अर्जुन पोटाई पिता रायजू राम पोटाई 26 साल , और दशरथ दुग्गा, गस्सु के पिता। परतापुर निवासी 35 वर्षीय राम को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सलियों को हिरासत में लेकर उनसे अपराध के संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया और परतापुर थाने में सुनवाई के बाद आज उन्हें न्यायालय में पेश किया गया. गौरतलब है कि परतापुर थाने से दो दिन पहले बीएसएफ के जवान सदकाटोला गांव की सर्चिंग कर रहे थे, जिस पर परतापुर सदकाटोला के पास पूर्व से आए नक्सलियों ने हमला कर दिया और आईईडी से विस्फोट कर दिया. उत्तर प्रदेश के ग़ाज़ीपुर निवासी बीएसएफ के पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार राय नक्सली घटना में शहीद हो गए। इस मामले में परतापुर थाने में नक्सलियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था. इस घटना में शामिल चार नक्सलियों को आज गिरफ्तार कर लिया गया।



## हॉस्टल से निकली छात्राएं लापता होने से हड़कंप

**भानुप्रतापपुर, 16 दिसम्बर 2023 (ए)।** कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के एक निजी स्कूल से तीन नाबालिग छात्राएं गायब हो गई हैं। जिससे हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि तीनों छात्राएं हॉस्टल से स्कूल जाने के लिए निकली थी तभी बीच रास्ते से गायब हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस एक्टिव हो गई है और लापता छात्राओं की तलाश में जुट गई है। यह मामला भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत स्थित संत जोसेफहॉयर सेकेण्डरी स्कूल की तीन छात्राएं स्कूल के हॉस्टल से स्कूल जाने निकली थी. लेकिन वे सभी 11:00 बजे तक स्कूल नहीं पहुंची। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने छात्राओं के बारे में ली जानकारी तब खुलासा हुआ की तीनों छात्राएं गायब हैं। तीनों लापता छात्राओं में 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राएं हैं. गायब छात्राएं, मानपुर, कोयलीबेड़ा और पखंजुर की रहने वालीं हैं जो हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहीं थी. सूत्रों से मिली जानकारी यह भी लगी है कि स्कूल प्रबंधन ने 1 दिन पहले तीनों छात्राओं के मोबाइल जब्त करने की कार्रवाई की थी, जिससे तीनों छात्राएं नाराज थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)